दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



ग्रहों के अनुसार घरों में लगाएं पेड़.....

वजन और कॉलेस्ट्रॉल कम करने में .....

वर्ष : 10 अंक : 182 लखनऊ, 11 जून, मंगलवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

यूपी एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए सही राह पर : सीएम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए सही राह पर है और इसकी रफ्तार दोगुना करनी पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा, एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए प्रत्येक विभाग का लक्ष्य पहले से ही निर्धारित है और नियोजन विभाग द्वारा विभागीय मंत्री के साथ मासिक रूप से प्रगति की समीक्षा की जानी चाहिए। सोमवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए जारी प्रयासों और परिणामों की समीक्षा की। नियोजन विभाग द्वारा आयोजित बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्री मौजूद थे।

बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और परामर्शदात्री एजेंसी डेलॉइट इंडिया ने राज्य के आर्थिक माहौल की वर्तमान स्थिति और



संभावित भविष्य के परिणामों, उद्योग की अपेक्षाओं आदि के बारे में क्षेत्रवार विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि सभी मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी जीवन को आसान बनाने और अधिकतम रोजगार सृजन की दिशा में विशेष प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि देश और दुनिया की सर्वोत्तम प्रथाओं को देखा जाना चाहिए, उनका अध्ययन किया जाना चाहिए और आवश्यकतानुसार उनका क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों के योजनाबद्ध प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था अपनी सर्वश्रेष्ठस्थिति में है। उन्होंने कहा, वर्ष 2021-22 में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 16.45 लाख करोड़ था जो 2023-24 में बढ़कर 25.48 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय आय में 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। उन्होंने बयान में कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का इंजन बन रहा है। डिजिटल तकनीक पर जोर देते हुए आदित्यनाथ ने कहा, अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र में सुधार के लिए डिजिटल तकनीक को शामिल किया गया है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण जैसे प्रयास किए गए हैं। इसे सभी 75 जिलों में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना है। अनाज, फल और सब्जियों के उत्पादन की वृद्धि दर को दोगुना करने के लिए ठोस प्रयासों की जरूरत है।

योगी ने यह भी कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, काशी, प्रयागराज, नैमिषारण्य इसके महत्वपूर्ण केंद्र हैं। अगले साल प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के आयोजन की चर्चा करते हुए योगी ने कहा, महाकुंभ में करोड़ों लोग पहुंचेंगे। इसका पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा। इस पर अध्ययन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ हमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ठोस कार्य योजना बनानी होगी।

सीएम योगी ने राजनाथ-शाह व गडकरी से की मुलाकात

- मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री बनने पर दी शुभकामना
- लोकसभा चुनाव जीतने के उपरांत पहली बार तीनों वरिष्ठ नेताओं से नई दिल्ली में की मुलाकात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है। सीएम योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीनों नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने की शुभकामना दी। गौरतलब है कि राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश की लखनऊ, अमित शाह गुजरात की गांधीनगर और नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा से चुनाव जीते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी की लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार भी किया था।

मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

बाजार

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफ्टी 22,957.10

दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में 4 यूट्यूबर्स की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में चार यूट्यूबर्स की मौत हो गई और छह घायल हो गए। मृतकों की पहचान लकी, सलमान, शाहरुख और शाहनवाज के रूप में हुई है। बताया गया है कि चारों युवक यूट्यूब पर राउंड 2 वर्ल्ड चैनल के लिए कॉमेडी कंटेंट बनाने में सक्रिय रूप से लगे हुए थे। यूट्यूबर्स जन्मदिन समारोह से घर लौट रहे थे, तभी उनकी गाड़ी विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो कार से टकरा गई। दुर्घटना के तुरंत बाद, मौके पर भीड़ जमा हो गई और युवकों को सीएचसी गजरौला अस्पताल ले जाने के लिए तुरंत एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई। हालांकि, डॉक्टरों ने शुरूआती उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा, घायलों को इलाज के लिए अमरोहा जिला अस्पताल ले जाया गया है और मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, मृतकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है।

तीसरी बार, फुल रफ्तार: सुबह सम्मान निधि की किस्त जारी

अब पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर देने की आई बारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मोदी 3.0 के शपथ ग्रहण के बाद से ही नई सरकार फुल एक्शन मोड में नजर आ रही है। पीएम मोदी की तरफ से आज सुबह अपना काम संभालने के साथ ही किसान सम्मान निधि को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। शाम होते होते मोदी सरकार ने अब पीएम आवास योजना को और एक्सटेंड करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम अपनी नई कैबिनेट की पहली बैठक की है। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री

आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करेगी। पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

10 साल में 4.21 करोड़ घर बन चुके हैं। प्रधानमंत्री ने खुद इस बात की घोषणा बीजेपी के मेनिफेस्टो को रिलीज करते हुए कही थी। अधिकारियों ने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि के कारण उत्पन्न होने वाली आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना

वित्तीय वर्ष 2015-16 से, भारत सरकार बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित घरों के निर्माण में पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों की सहायता के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' (पीएमएवाई) लागू कर रही है। पिछले एक दशक में, इस पहल के तहत कुल 4.21 करोड़ घर पूरे हो चुके हैं, जिससे देश भर के गरीब परिवारों को लाभ हुआ है। पीएमएवाई के तहत निर्मित घर न केवल आश्रय हैं, बल्कि घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ आते हैं।

संक्षिप्त समाचार

रियासी में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमला बेहद निंदनीय है : राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी इलाके में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हुए आतंकवादी हमले को अत्यंत निंदनीय करार दिया। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में रविवार शाम आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर गोलीबारी की, जिससे बस खाई में जा गिरी। इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हुए हैं। सिंह ने एक्स पर कहा, जम्मू-कश्मीर के रियासी में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमला बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा, मेरी संवेदना उन परिवारों के साथ है जिन्होंने तीर्थयात्रियों के खिलाफ इस जघन्य कृत्य में अपने प्रियजनों को खो दिया। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

आदिवासी, अल्पसंख्यक के तौर पर मोदी सरकार में काम करना सम्मान की बात : किरेन रीजीजू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले किरेन रीजीजू ने कहा कि वह प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करते रहेंगे। लगातार तीसरी बार मंत्री बने रीजीजू ने कहा कि वह मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभारी हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में तीसरी बार मंत्री के रूप में काम करना सौभाग्य और सम्मान की बात है।

आप ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर नकारात्मक राजनीति करने व जलापूर्ति रोकने का आरोप लगाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को एक बार फिर हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर नकारात्मक राजनीति करने और यमुना नदी में पानी की आपूर्ति रोकने का आरोप लगाया। आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद हिमाचल प्रदेश द्वारा छोड़ा गया 137 क्यूसेक पानी अभी तक दिल्ली नहीं पहुंचा है। उन्होंने

दावा किया कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने न केवल हिमाचल प्रदेश से दिल्ली को मिलने वाला पानी रोक दिया है, बल्कि दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी के हिस्से के 1,050 क्यूसेक पानी का भी 200 क्यूसेक हिस्सा कम कर दिया है। कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली सरकार इन सभी मुद्दों को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखेगी। सर्वोच्च न्यायालय सोमवार को मामले की सुनवाई करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने छह जून को हिमाचल प्रदेश सरकार को अपने पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़ने का निर्देश दिया था और हरियाणा से कहा था कि वह इस पानी के प्रवाह को सुगम बनाए ताकि यह राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंच सके। दिल्ली सरकार ने पिछले कुछ दिन में बार-बार हरियाणा पर राष्ट्रीय राजधानी के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया है। कक्कड़ ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना पर भी निशाना साधा और कहा कि वह बातचीत कर सकते थे और हरियाणा से पानी छोड़ने के लिए कह सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। भाजपा ने आप नेताओं पर जल संकट के मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया कि आप सरकार के कुप्रबंधन के कारण पानी की चोरी और बबार्दी हो रही है।

एकजुट विपक्ष केंद्र में सरकार की जवाबदेही तय करेगा : सचिन पायलट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोमवार को कहा कि एकजुट विपक्ष केंद्र में सरकार की जवाबदेही तय करेगा और उसे पिछले 10 वर्ष की तरह मनमाने ढंग से शासन नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है इसीलिए वह उस रवैये के साथ काम नहीं कर पाएगी जो पिछले 10 वर्षो में रहा। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने टोंक में संवाददाताओं से कहा, लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है..किसी एक दल को सरकार बनाने का जनादेश नहीं मिला है। अब मिली जुली सरकार है। भविष्य में देखते हैं क्या होता है? लेकिन मुझे लग रहा है कि जिस तरह का रवैया और शासन पिछले 10 साल में रहा वो शायद अब नहीं हो पायेगा। उन्होंने कहा, भविष्य में क्या होगा? यह मैं नहीं कह सकता हूं लेकिन शुरूआती संकेत दिखाते हैं कि तेवर ढीले पड़े हैं। जो पहले रवैया था उसमें तब्दीली आयेगी। उन्होंने कहा, अब संसद में जो विपक्षी दल हैं वह काफी संख्या में सीट जीत कर आये हैं तो मनमानी तरीके से पहले संसद में जो कार्यवाही हुआ करती थी वो अब हम नहीं होने देंगे।

मणिपुर में ताजा हिंसा के बाद वहां के लोग असम में ले रहे हैं शरण

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

सिलचर। मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं से प्रभावित लोग आश्रय की तलाश में असम के कछार जिले में आ रहे हैं। स्थानीय विधायक कौशिक राय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने बताया कि अंतर-राज्यीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम में दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और कम से कम 70 घरों में आग लगा दी थी जससे वहां फिर से तनाव पैदा हो गया। मणिपुर में पिछले साल मई से जातीय हिंसा जारी है।

सीमावर्ती इलाकों के निवासियों ने दावा किया कि पिछले चार दिन में जिरी नदी पार कर राज्य में प्रवेश करने वाले करीब 600 लोगों ने कछार जिले के लखीपुर के विभिन्न हिस्सों में शरण

ली है। उन्होंने बताया कि मणिपुर से आए लोग जिरीघाट और लखीपुर के गांवों में शरण ले रहे हैं, हालांकि उनके लिए कोई सरकारी राहत शिविर नहीं खोला गया है। लखीपुर के विधायक कौशिक राय ने कहा, मणिपुर से आए लोगों को यहां सुरक्षित रहने दिया जा रहा है।

स्थानीय प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठा रहा है कि यहां कोई हिंसा नहीं हो। कछार के पुलिस अधीक्षक नोमल महतो ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने से कहा, कछार में किसी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं है। सीमा पर जिरीघाट के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग और आसपास के गांवों में पुलिस गश्त कर रही है। उन्होंने कहा कि असम की तरफ स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और पुलिस कड़ी निगरानी रख रही है।

सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका ने नई दिल्ली में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नई दिल्ली दिल्ली में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थीं। शेख हसीना और गांधी परिवार के बीच संबंधों का पता उनके पूर्ववर्तियों के बीच संबंधों से लगाया जा सकता है। शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक नेता शेख मुजीबुर रहमान के तत्कालीन भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध थे। इंदिरा गांधी ने 1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता का समर्थन किया, जिसने लंबे समय से कृतज्ञता और आपसी सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया है। शेख हसीना शनिवार को एक हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नई दिल्ली दिल्ली पहुंचीं, जिसमें मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने भाग लिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को यहां राष्ट्रपति भवन में विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के लिए भोज का आयोजन किया।बांग्लादेश के विदेश मंत्री मोहम्मद हसन महमूद ने कहा कि शेख हसीना ने भविष्य में संबंधों को मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। हसन महमूद ने एएनआई को बताया ...प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शपथ ग्रहण समारोह (प्रधानमंत्री मोदी और मंत्रिपरिषद के) में भाग लिया और उसके बाद, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आमने-सामने की बैठक की, जहां उन्होंने फिर से उन्हें और एनडीए को चुनाव जीतने के लिए बधाई दी। उन्होंने भविष्य में संबंधों को मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ₹उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को बांग्लादेश आने का निमंत्रण भी दिया है।

कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए अवैध कॉलोनी के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई फिर शुरू

- भूमाफिया ने सपा सरकार में कुकरैल नदी पर बसा दी थी अवैध कॉलोनी, खड़ी कर दी थी बहुमंजिला इमारतें और बड़े-बड़े शोरूम
- भूमाफिया ने सपा सरकार की शह पर पर्यावरण संरक्षण के मानकों को दरकिनार खड़ा किया था अवैध निर्माण
- सपा सरकार के पोषित भूमाफिया के अवैध निर्माण से मृतप्राय हो चुकी है कुकरैल नदी, योगी सकार ने इसके पुर्नजीवन के लिए उठाया बड़ा कदम
- कुकरैल नदी के पुनर्जीवन और पर्यावरण संरक्षण के लिए योगी सरकार ने लड़ी निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई
- योगी सरकार की कार्रवाई को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी माना सही, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर फिर शुरू हुई कार्रवाई
- कोर्ट ने माना अकबरनगर में बसाई गई अवैध बस्ती, इसे हटाया जाना है जरूरी
- अकबरनगर में अवैध निर्माण पर काबिज करोड़पतियों ने कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की, खुद को बताया था झुग्गीवासी
- एलडीए ने सौंपी 73 करोड़पतियों की लिस्ट तो कोर्ट ने झुग्गीवासी मानने से किया इंकार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : सपा सरकार में पर्यावरण संरक्षण के मानकों को दरकिनार कर भूमाफिया द्वारा कुकरैल नदी व बंधे के बीच बसाई गई अकबरनगर की अवैध कॉलोनी में योगी सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है। सपा काल में संरक्षण प्राप्त भूमाफिया ने सरकार से सांठगांठ कर वर्ष 2012 से 17 के बीच कुकरैल नदी और बंधे के बीच बहुमंजिला इमारतें एवं बड़े-बड़े शोरूम खड़े कर दिये थे। इतना ही नहीं भूमाफिया ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध कॉलोनियां बसा दीं, जबकि इस क्षेत्र में रिहायशी एवं व्यवसायिक निर्माण नहीं हो सकता। ऐसे में मरती हुई नदी को जिंदा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर योगी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। कोर्ट ने भी अवैध निर्माण को लेकर योगी सरकार की कार्रवाई को सही माना है। इस पर एक बार फिर योगी सरकार ने अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तेज कर दी है। इसके साथ ही यहां पर पर्यावरण संरक्षण के मानकों के आधार पर क्षेत्र को विकसित करने और कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने कदम बढ़ा दिया है।

कोर्ट ने भी माना अकबरनगर में बसाई गई अवैध बस्ती, योगी सरकार की कार्रवाई सही

योगी सरकार लगातार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भूमाफिया और अतिक्रमण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। सरकार की इस मुहिम को प्रदेशवासियों के साथ पूरी दुनिया में सराहना मिल रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने कुकरैल नदी और बंधे के बीच बसाए गए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई का नया चरण सोमवार से शुरू कर दिया है। बता दें कि सपा सरकार ने अपने शासनकाल में पर्यावरण चिंताओं को दरकिनार कर अपने पोषित भूमाफियाओं को कुकरैल नदी पर अवैध निर्माण की अनुमति दी थी। इन्होंने यहां पर सपा सरकार की शह और सांठगांठ से बहुमंजिला इमारतें, घर और शोरूम बना दिये। आज इन पर करोड़पतियों का कब्जा है। सपा सरकार के इस कृत्य से कुकरैल नदी का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया। ऐसे में योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यहां पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। साथ ही कुकरैल नदी को पुनर्जीवित किया जा सके। योगी सरकार के एक्शन से घबराए भूमाफिया और करोड़पतियों ने कोर्ट में गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर गुमराह करने की कोशिश की। इस पर योगी सरकार ने निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में भूमाफिया के झूठ का पदार्फाश किया। करोड़पति कब्जेदारों ने कोर्ट में खुद को झुग्गीवासी बताया था। इस पर एलडीए ने कोर्ट में 73 करोड़पति कब्जेदारों की सूची सौंपी, जिनका सालाना करोड़ों का टर्नओवर था। इसे देख कोर्ट ने करोड़पति कब्जेदारों को झुग्गीवासी नहीं माना। इसके साथ ही इन्होंने योगी सरकार द्वारा अवैध निर्माण को लेकर की जा रही कार्रवाई को सही माना। कोर्ट ने माना कि अकबरनगर में अवैध बस्ती को बसाया गया है, जिसे हटाना जरूरी है।

भूमाफियाओं ने लूटी गरीबों की गाढ़ी कमाई, योगी सरकार ने गरीब परिवारों का कराया पुनर्वास

योगी सरकार ने दिसंबर 2023 में कुकरैल नदी और बंधे के मध्य में बसाए गए अकबरनगर में बने अवैध निमार्णों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान भूमाफिया के इशारे पर अतिक्रमणकारियों ने खूब विरोध किया। इसके बाद भी योगी सरकार अपने फैसले पर अडिग रही और कार्रवाई जारी रही।

तेज रफ्तार रोडवेज बस बाइक सवार को रौंदने के बाद टीन शेड में घुसी, हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। सिसेण्डी- बिजनौर चौराहे पर सोमवार की सुबह लखनऊ से मौरावां जा रही यात्रियो से भरी तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित हो गयी ओर बाइक सवार युवक पवन द्विवेदी रामपुर थाना असोहा जनपद उन्नाव को रौदते हुये सड़क किनारे एक दुकान के बाहर खड़ी कार में टक्कर मारने के बाद टीनशेड में जा घुसी।मौके पर मौजूद लोगो ने रोडवेज बस में बाइक समेत फंसे युवक को बाहर निकालकर इलाज के लिये निजी अस्पताल भेजा।वही दुर्घटना के बाद चालक व परिचालक मौके से भाग निकले।दुर्घटना में बस में बैठे कुछ यात्रियो को भी हल्की चोटे आई है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दुर्घटना करने वाली रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया गया है, घायल युवक के परिजनो के शिकायत करने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

बहू ने बुजुर्ग सास को डंडो से पीटा, शिकायत पर दरोगा ने फटकार कर भगाया

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। रायभानखेड़ा गांव निवासी बुजुर्ग कुवारा देवी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया सोमवार की सुबह वो जानवरो का चारा पानी कर रही थी तभी बड़े बेटे रामसुमिरन की पत्नी अजंली मौके पर आ गयी ओर इधर उधर बुराई करने की बात कहते हुये लाठी डंडो से बुरी तरह पिटाई कर बुरी तरह उसे घायल कर दिया।चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसे बचाया तो बहू जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से चली गयी? जिसके बाद परिजन घायल बुजुर्ग को साथ लेकर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचे ओर वहा मौजूद दारोगा से शिकायत की तो दिनभर थाने में बिठाये रखा।पीड़ित घायल बुजुर्ग ने बताया कार्यवाही की बजाय दारोगा ने उसे धमकाते हुये कहा बहू की तरफ से छेड़छाड़ की तहरीर लेकर तुम्हारे दूसरे बेटो पर मुकदमा दर्ज कर ठीक कर दूगा इस लिये चुपचाप घर चले जाओ।जिसके बाद बिना कार्यवाही घायल बुजुर्ग मायूष होकर घर वापस लौट गयी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया बुजुर्ग महिला ने शिकायत की है जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा, उ0प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अपने संबोधन मुख्य सचिव ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विगत 5 वर्षों में विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं में ऐतिहासिक रूप से सुधार हुआ है। इसके साथ ही छात्रों के लिए आकर्षक लर्निंग मेटीरियल उपलब्ध कराया गया है। अब सम्पूर्ण ध्यान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढाये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाये जाए। समय-समय पर सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्य में लापरवाही करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। बच्चों का परीक्षा परिणाम इस सत्र से साफ्ट कॉपी में मोबाइल पर भेजा जाए। बैठक में समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023-24 में प्राथमिक विद्यालयों के उपयोगार्थ 10,375 टैबलेट तथा 8778 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के उपयोगार्थ 17556 टैबलेट क्रय तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10,000 रुपये प्रति इकाई की दर से 11,868 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के उपयोगार्थ 23,736 टैबलेट क्रय के लिये पीएमयू एवं पीएमसी के रूप में चयनित संस्था यूपी डेस्को अथवा विभाग द्वारा टैबलेट्स क्रय की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। इसी प्रकार 3530 परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में स्मार्ट क्लास सेटअप किये जाने तथा 1515 उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में आईसीटी लैब के प्रोक्योरमेण्ट एवं स्थापना का कार्य यूपीएलसी संस्था द्वारा अथवा विभाग द्वारा कराये जाने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। इसी क्रम में कार्यकारी समिति द्वारा 92 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना के लिये श्रीट्रॉन इण्डिया लि0 एवं 280 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु उ0प्र0 इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन लि0 को कार्यदायी संस्था नामित किया गया। समग्र शिक्षा माध्यमिक के अन्तर्गत आईआईटी गांधीनगर, गुजरात के माध्यम से भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, गणित एवं पजल्स हेतु खोजी बॉक्स क्रय किये जाने एवं शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया। इससे पूर्व, बैठक में बताया गया कि समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आई०सी०टी० लैब एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना समग्र शिक्षा (माध्यमिक) की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 92 आई०सी०टी० लैब की स्थापना हेतु चार करोड़ छत्तीस लाख अस्सी हजार रुपये एवं 280 स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु छः करोड़ बहत्तर लाख रुपये की स्वीकृति भारत सरकार स्तर से प्राप्त हुई है।

तेज रफ्तार एसयूवी ने पैदल सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर, मौत

- कोतवाली के सामने तेज रफ्तार एसयूवी ने पैदल सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर, इलाज के दौरान युवक की मौत, एसयूवी चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कस्बे में कोतवाली के सामने बीते रविवार की देर रात तेज रफ्तार एसयूवी कार ने सड़क पार रहे युवक को जोरदार टक्कर दी।टक्कर लगते ही युवक दस फिट के करीब हवा में उछलकर दूर जा गिरा ओर गम्भीर रप से घायल हो गया।दुर्घटना के बाद अनियंत्रित एसयूवी डिवाइडर पर लगी रेलिंग व पोल में जा घुसी।सूचना? के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक व एसयूवी में फसे चालक को बाहर निकलाकर इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी।जहां मौजूद डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो की हालत गम्भीर देख ट्रामा टू रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी।सूचना के बाद झारखंड से अंकित कुमार शर्मा(22वर्ष) निवासी लटपौरी जनपद पलामू, झारखंड से लखनऊ के एक निजी अस्पताल में लैब टेक्शियन के पद पर भर्ती के लिये परीक्षा देने आया था ओर उसके पास कमरे में आकर रूक गया था, आलोक ने बताया रात साढे नौ बजे के करीब दोस्त अंकित के साथ खाना खाने ढाबे पर जा रहे थे, जैसे ही कोतवाली के सामने हाइवे पार करने लगे तभी रायबरेली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एसयूवी ने अंकित को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगते ही वो हवा में दस फिट के करीब उछलकर दूर जा गिरा ओर गम्भीर रूप से घायल हो गया।दुर्घटना के बाद अनियंत्रित एसयूवी डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग को तोड़ती हुयी खम्भे से टकरा गयी।मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक अंकित व कार में फंसे चालक उदय प्रताप सिहं निवासी एलडीए कालोनी थाना आशियाना को बाहर निकलाकर इलाज के लिये निजी वाहन से सीएचसी लेकर गयी, जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो की हालत गम्भीर देख ट्रामा टू रेफर कर दिया।जिसके बाद पुलिस एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये ट्रामा टू लेकर गयी, जहां इलाज के दौरान देर रात युवक अंकित ने दम तोड़ दिया।वही घायल चालक उदय प्रताप को परिजन इलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर गये।पुलिस से सूचना के बाद सोमवार की दोपहर झारखंड से लखनऊ पहुंचे पिता मनोज शर्मा बिना पोस्टमार्टम कराये ही बेटे का शव साथ लेकर लेकर चले गये।वही प्रत्यक्षदर्शियो की माने तो चालक शराब के नशे में धुत था ओर तेज रफ्तार में एसयूवी हाइवे पर दौड़ा था।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृतक युवक के परिजनो के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।दुर्घटना करने वाली एसयूवी कार को कब्जे में ले लिया गया है।

जयन्त चौधरी को राज्य मंत्री बनाए जाने पर रालोद कार्यालय में बंटी मिठाईयां

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी को भारत सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाये जाने पर पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है। प्रदेश के सभी जनपदों में कार्यकर्ता मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। रालोद मुख्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाई। रालोद पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे को मिठाई खिलाकर जयन्त चौधरी को मंत्री बनाये जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर रालोद नेताओं ने राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की अगुवाई में सड़कों पर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। श्री दुबे ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी को मंत्री बनाये जाने पर कहा कि उनके मंत्री बनने से देश के किसानों, कामगारों और नौजवानों में उत्साह का संचार हुआ है और पार्टी के सभी बड़े बुजुर्ग कार्यकर्ता साथी गांव और खेत खलिहानों में खुशी की लहर दौड गई है। जयंत चौधरी के संघर्ष से सियासत तक के इस सफर में जिन लोगों ने उन्हें सहयोग किया और उनकी हिम्मत बढ़ाने में हमेशा डटे रहे और आगे बढ़कर संघर्ष का रास्ता दिखाया वह सारे लोग उनके इस मुकाम तक पहुंचने पर बहुत ही हर्षित है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों में प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान वरिष्ठ नेता किरन सिंह, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, महेश पाल धनगर, जिलाध्यक्ष रामसेवक रावत, विवेक पाण्डेय, मुकेष वर्मा, विपिन द्विवेदी, ऋषभ गुप्ता, अषोक तिवारी, जगजीवन राम, एस0पी0 बघेल, सुरेन्द्र धनगर, मनोहर मौर्य आदि लोग थे।

बुलेट मोटरसाइकिल चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, आशियाना क्षेत्र के बंगला बाजार में स्थित कृष्णा धाम में बीते 28 मई को पूजा करने आया एक युवक का बुलट मोटरसाइकिल चोरी हो गयो पीड़ित ने काफी खोजबीन के बाद स्थानीय आशियाना थाने पर शिकायत की है पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है` धनिया महरीपुल निवासी मोहित कुमार दुबे पुत्र बाबू लाल दुबे के मुताबिक वह बीते 28 मई की सुबह करीब 11:00 बजे अपने बुलेट बाइक से बंगला बाजार स्थित आस्था कृष्ण धाम में पूजन करने के लिए आये थे इस दौरान उनके साथ गौरव स्वामी भी थे बुलट बाइक कृष्ण धाम के बगल में प्रमोद सिंह के घर के सामने खड़ी किये थे जब वह कृष्णा धाम से बाहर निकल अपनी बाइक पर गए तो बाइक अपने स्थान से गायब थो जिसकी इधर उधर काफी खोजबीन किया लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चलो वाहन स्वामी ने पुलिस को सूचना दे चोरी की लिखित शिकायत की है

10वीं और 12वीं में 70% से अधिक नंबर लाने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चित्रांश कायस्थ समाज एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा 10वीं और 12वीं में 70% से अधिक नंबर लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष विजय सक्सेना एवं सचिव संजय निर्गुण ने बताया कि इस अवसर पर 50 बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें सागर भोपाल, देवास, उज्जैन, बेगमगंज के विद्यार्थी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएस एकेडमी के प्रबंध निदेशक प्रदीप श्रीवास्तव, ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के पांच सूत्रों से अवगत कराया। जिसमें एकाग्रता, लक्ष्य निर्धारण, सही दिशा में मेहनत, लगन, और इलेक्ट्रिक उपकरणों से दूरी को महत्व दिया। वहीं एसडीएम इंदौर अजीत श्रीवास्तव, ने बालक बालिकाओं को प्रशासनिक सेवा में उतरने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महा सभा वीना सक्सेना, ने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वह चाहे कोई भी उच्च शिक्षा ग्रहण करें परंतु नौकरी अपने देश में ही करें उन्होंने विदेश में जाकर वहां की स्थिति को सुद्रण करने के बजाय अपने देश को मजबूत और शक्तिशाली बनाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि आप अपनी शक्ति ऊर्जा और ज्ञान का प्रयोग अपने देश के लिए करें ना कि विदेश के लिए। यही सच्ची देशसेवा है। राष्ट्रीय महासचिव रत्नेश श्रीवास्तव ने संस्था में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप सक्सेना ने सभी बालकों को शिक्षा के साथ माता-पिता की सेवा आदर और एक अच्छे नागरिक बनने पर जोर दिया उन्होंने बालकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बाज की तरह उड़ान भरो और अपने लक्ष्य को निर्धारित करो। इस अवसर पर संस्था के सत्येंद्र श्रीवास्तव संध्या श्रीवास्तव संगीता श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव सुरेश सक्सेना अरुण अपेक्षित संजय श्रीवास्तव प्रदीप भटनागर सुनीता भटनागर साधना सक्सेना सुनीता सक्सेना प्रतिभा श्रीवास्तव आदि अनेकों सदस्य उपस्थित थे। सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो मैडल व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। संचालन डॉ स्वाति सिंह, सुरेश अजनबी, सिपया खरे ने किया। आभार विवेक भटनागर ने माना।

55 वर्षीय अधेड़ पर जबरन किशोरी को अगवा करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोमती नगर थाने पर एक युवती ने अपने परिचित 55 वर्षीय अधेड़ पर उसकी किशोरी बहन को जबरन अगवा कर लेने का आरोप लगा शिकायत है। बहन की शिकायत पर पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी और अधेड़ की तलाश में जुटी है। गोमती नगर थाना प्रभारी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि डिगड़िगा गाँव विशाल खंड, गोमती नगर निवासी गुड़िया सिंह, पुत्री स्व. अनिल कुमार सिंह के मुताबिक उसकी 17 वर्षीय हेमा सिंह 8 जून की शाम करीब 9:00 बजे घर के बाहर निकली और वापस घर नहीं लौटी जिसका उनलोगो ने खोजबीन शुरू किया तो पता चला कि उसकी बहन को मुंशी पुलिया निवासी 55 वर्षीय विनोद कुमार चोरसिया अपने साथ जबरन भगा ले गया है आरोप है कि विनोद कुमार चौरसिया पूर्व में भी उसके घर के आसपास टहलता था और अक्सर उसकी बहन से बात किया करता थो जिसे कई बार रोका टोका भी गया लेकिन वह भद्दी भद्दी गालियां देता था और बार बहन को भगा ले जाने और बलत्कार करने की धमकी दिया थो बड़ी बहन की शिकायत पर गोमती नगर पुलिस ने बहला फुसला कर भगा ले जाने और गाली गलौज धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर किशोरी और आरोपी के तलाश में जुटी है

बंद मकान में चोरी मामले में पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, आशियाना क्षेत्र तीन पूर्व घर में घुसे चोरो की सूचना पर मचे हड़कंप के बाद रविवार को सिक्किम से घर वापस लौटे परिवार ने स्थानीय आशियाना थाने पर अज्ञात चोरो के खिलाफ लिखित शिकायत की है` पीड़ित की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एच मकान संख्या डी 3-309 में रहने वाले सतेश्वर कुमार पुत्र बंशदेव सिंह के मुताबिक वह 3 जून को अपने परिवार के साथ सिक्किम घूमने गए थे 7 जून की शाम उन्होंने अपने मोबाईल फोन पर देखा कि घर में चोर घुसे है जिसकी सूचना उन्होंने फोन पर कंट्रोल नंबर पर पुलिस को दी घर में चोर घुसे होने की सूचना पर हड़कंप मच गया मौके पर रात समय आशियाना पुलिस ने घेराबंदी किया लेकिन चोर मकान में नहीं मिलीं पुलिस को मौके पर घर का सामान बिखरा हुआ और आलमारी के ताला टुटा हुआ थो` रविवार को अपने परिवार के साथ सिक्किम से लौटे सत्तेश्वर कुमार ने देर शाम आशियाना थाने पर पहुँच पुलिस से अज्ञात चोरो के खिलाफ लिखित शिकायत की हैं शिकायत पर पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक पीड़ित ने पुलिस को चोरी हुए सामानो की सूची अभी तक नहीं सौपी है सीसी टीवी फुटेज आधार पर चोरो की तलाश किया जा रहा है

महिला को डंडे व ईंट से पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।निगोहां थाना क्षेत्र के मीरकनगर निवासी शायरा बानो ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते रविवार की दोपहर पड़ोसी श्यामा देवी पुरानी रंजिश को लेकर उससे गाली-गालौज कर रही थी, जब उसने मना किया तो डंडे व ईट से उसकी बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकली।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी महिला के विरूद्व मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

बाइक से गिरककर घायल महिला रसोईया की ट्रामा में मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित पकरी पुल निकट बंगाल बाजार रोड पर रविवार को मेन होल के ढक्कन से टकराने पर बाइक से गिरकर घायल हुई लोकबंधु अस्पताल की महिला रसोईया की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गयी।लोकबंधु अस्पताल में रसोईया पद पर कार्यरत 55 बर्षीय मृतका किरण शर्मा पत्नी विष्णु लाल शर्मा लोकबंधु अस्पताल में रसोइया पद पर कार्यरत थी। रविवार को शाम वह ड्यूटी के बाद बेटे विश्वास संग बाइक से आलमबाग थाना क्षेत्र स्थित बड़ा बरहा अपने घर जा रही थी कि आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरी पुल से बंगला बाजार रोड पर मेनहोल के ढक्कन से बाइक टकरा उछल गई। जिससे बाइक पर पीछे बैठी किरण शर्मा बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर राहगीरों ने घायल किरण शर्मा को नजदीकी अस्पताल लोकबंधु पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान 55 वर्षीय किरण शर्मा की मौत हो गई। जहां स्थानीय पुलिस द्वारा मृतका का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका किरन शर्मा पत्नी विष्णु लाल शर्मा के दो बेटे विश्वास और अभय है जबकि उनकी बेटी विवाहिता हैं।परिजनों के अनुसार मृतका किरन शर्मा लोकबंधु अस्पताल में महिला रसोईया के पद पर कार्यरत थी।रविवार शाम वह अस्पताल से ड्यूटी खत्म कर बेटे विश्वास की बाइक पर बैठकर घर आ रही थी।

पति ने दूसरी शादी रचाकर पहली पत्नी व बेटियो को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

लखनऊ।निगोहां थाना क्षेत्र के चंदीखेड़ा गांव निवासी महिला अनीता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसके पति ज्ञान सिंह निवासी गांधीनगर, तेलीबाग थाना पीजीआई अपने परिजनो के साथ मिलकर दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर मारपीट कर घर से निकाल दिया ओर दूसरी शादी कर ली।पति के द्वारा गैर कानूनी तरीके से दूसरी पत्नी को साथ रखने की जानकारी होने पर ससुराल पहुंचकर विरोध किया तो उसे व उसकी बेटियो के साथ मारपीट की गयी ओर घर से निकाल दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच के विरूद्व दहेज प्रथा व प्रताड़ना, मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

संक्षेप

खेल खेल में किशोरी के ऊपर गिरा पत्थर हुई घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बच्चो के साथ खेल रही 13 वर्षीय किशोरी पर पास में रखा पत्थर गिर गया जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनो ने उसे सी एच सी में भर्ती कराया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के कुसैला निवासी कल्लू की 13 वर्षीय पुत्री गौरी गांव के ही बच्चो के साथ घर के पास खेल रही थी वही पास में रखा एक पत्थर किशोरी के ऊपर गिर पड़ा जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई अनान फानन परिजन किशोरी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आए जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

फैटी लीवर और योग के माध्यम से किया आम जनमानस को जागरूक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सुबह अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के क्रम में हर्बल अड्डा की तरफ से फैटी लिवर से बचाव के लिए योगा क्या रोल है एक कार्यकम आयोजित किया गया हर्बल अड्डा के फाउंडर डॉक्टर आई एम तब्बाब ने बताया की गलत खानपान और खराब जीवनशैली के कारण आजकल लोगों को कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। फैटी लिवर की समस्या भी इनमें से एक है। दरअसल, जब लिवर की कोशिकाओं में 5प्रतिशत से ज्यादा मात्रा में फैट इकट्ठा हो जाता है तो इससे फैटी लिवर की समस्या होती है। इसके कारण लिवर में सूजन, पेट दर्द, अपच, कब्ज, पेट साफ न होना, पैरों में सूजन, भूख न लगना, वजन कम होना और थकान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर इसका समय पर इलाज न किया जाए, लिवर डैमेज के कारण जान भी जा सकती है। अगर मरीज साथ में अल्कोहल का सेवन करता है तो लिवर की खराबी बहुत तेजी से होती है। फैटी लिवर से आगे चलकर ब्लड प्रेशर, मधुमेह, हर्ट ब्लॉकेज, जोड़ो की समस्या मोटापा, पीसीओडी आदि की समस्या उत्पन्न हो सकती है डॉक्टर बुशरान सलीम ने बताया की इसको करेक्ट करने के लिए अपने खान पान में आलू चावल चीनी मैदा और मसाले का सेवन बंद करना चाहिए। डॉक्टर आयशा शकील ने जोड़ो के दर्द के विषय में कुछ टिप्स दिए साथ में ही श्वेता मिश्रा योगाचार्य ने कहा कि इसलिए इसके लिए अपने इस समस्या से निजात पाने के लिए योगाभ्यास बहुत फायदेमंद माना जाता है। जी हां, नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास करने से लिवर को मजबूत बनाने के साथ-साथ फैटी लीवर की समस्या को दूर करने में मदद मिल सकती है।आखिर में प्रोग्राम का संयोजन कर रहे एडवोकेट नागेंद्र त्रिवेदी और प्रोग्राम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी सभी का धन्यवाद ज्ञापित करके कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत लखनऊ से प्योर लाइफ सोसाइटी की टीम के द्वारा खंड विकास कार्यालय बांगरमऊ में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम किया गया।जिसमें सामाजिक मानचित्रण के माध्यम से गांव के लोगों को पेयजल और स्वच्छता के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे राज्य प्रशिक्षण ग्राम प्रकाश ने बताया की यदि जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ियां जल से वंचित हो जाएंगी। और बताया कि जल बचाया जा सकता है बनाया नहीं जा सकता। जन मानस को जल संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। रहीम जी ने लिखा है कि रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून,पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चून॥ खण्ड विकास अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह तथा सहायक विकास अधिकारी दीपकांत चोला जी ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल को देखा नदी और तालाब में हमारे पिता ने देखा कुएं में हम आप लोग नल के पानी का सेवन कर रहे हैं हमारे बच्चे बोतल का पानी पी रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां कहां का पानी पिएंगे इस पर विचार करना होगा। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी सर्वेश कुमार, देवेंद्र कुमार तथा टीम के सदस्य शाने आलम, सैफ अली, सुभाष चंद्र आशुतोष कुमार, विशाल, सचान, राहुल तिवारी ,धीरज तिवारी तथा एडिटर जितेंद्र विश्वकर्मा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के वसैना गांव में एक नव विवाहिता का शव घर के अंदर कमरे में छत के कुंडे से फंदे पर लटकता मिला जानकारी होते ही परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुँचे।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेंमों पर पुलिस मौके पर पहुंच,जांच पड़ताल कर रही है। मायके वाले दहेज उत्पीड़न के तहत हत्या का आरोप लगा रहें हैं।अचलगंज थाना क्षेत्र के गौरी तिरभान पुर निवासी नरेंद्र लोधी की 22 वर्षीय पुत्री सलोनी की शादी डेढ़ वर्ष पहले वसैना निवासी जीतू के साथ हुई थी। रविवार देरशाम घर में अपने कमरे में फंदे पर छत से लटकी पायी गयी। घटना की जानकारी होते ही ससुराली जन मृतका को उतार कर सीएचसी लाये जहां उसे मृत घोषित किया गया। पड़ोसी की सूचना पर मृतका के पिता नरेंद्र लोधी पहुंचे है। उनका आरोप है कि डेढ़ वर्ष से दहेज की मांग को लेकर उनकी पुत्री को परेशान किया जा रहा था। मांग पूरी न होने पर उसे मार डाला गया है। अस्पताल की सूचना पर पहुंचे एसएचओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है मामले की जांच की जा रही है अभी कोई तहरीर नहीं आयी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, दर्जन घरों की गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत लोनियनखेडा में लगी भीषण आग से आधा दर्जन घरों की ग्रहस्थी जल कर स्वाहा हो गयी। फायर ब्रिग्रेड के पहुचने से पहले ही गाँव वालों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

थाना क्षेत्र से 2 किलोमीटर दूर स्थित लोनियन खेडा में शाम करीब 4 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। गनीमत यह रही घर के सदय उस समय घर पर नही थे।सबसे पहले राकेश पुत्र सोहन के घर आग लगी। घर मे रखे गैस सिलेंडर में आग लगते ही सिलेंडर फट गया व आग के गोले बन बन कर आस -पास के घरों में गिरने लगे। गैस सिलेंडर फटने की आवाज दो किलोमीटर दूर तक सुनी गई। फटा हुआ सिलेंडर घर से 100 मीटर दूर तालाब में पड़ा मिला। आपस मे घर सटे होने के कारण रंजीत पुत्र हरी के घर में भी रखा सिलेंडर फट गया जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। साथ ही आग ने अमर पुत्र रामभरोसे,मुकेश पुत्र बुद्धिलाल ,मुन्ना पुत्र रज्जू, धर्मेंद्र पुत्र रामबहादुर के घर को भी पूरी तरह से जला कर राख कर दिया। इन घरों में रखा हुआ कुन्तलों अनाज, बक्से, बर्तन, नगद रुपये सहित सब जल गया। आग लगते देख घर वालो ने घर के बाहर बंधे मवेशियों को छोड़ दिया। आग लगने की सूचना पर थाना बिहार फोर्स मौके पर पहुँच गया। फायर ब्रिगेड जब तक गाँव पहुचती तब तक गाँव वालों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया। क्षेत्रीय लेखपाल पंकज कुमार ने बताया आग से हुए नुकशान का आकलन कर रिपोर्ट शाशन को भेजी जा रही है।

संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसी युवती, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एक युवती प्रेमी के घर पहुंची और शादी की बात करके दबाव बनाने लगी। इस बात का परिजनों ने विरोध किया तो उसने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। जिससे वह झुलस गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर भेज दिया गया।दही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी निवासी 26 वर्षीय कोमल (काल्पनिक नाम) ने बीती रात संदिग्ध परिस्थिति में आग की चपेट में आ गई। जिला अस्पताल में युवती ने बताया कि पुरवा क्षेत्र के सकरन गांव निवासी गोले के पुत्र नरेश से उसका 8 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है।प्रेमी के परिवार वालों ने उसे अपनाने से मना कर दिया। इस पर वह प्रेमी के घर पहुंची थी। आरोप है कि प्रेमी के पिता गोले ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। मोहल्ले के लोगों ने आग पर काबू पाकर एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल भिजवाया।हालत गंभीर होने पर उसे एलएलआर कानपुर रेफर कर दिया गया। वहीं आग से झुलसी पीड़िता के साथ जिला अस्पताल पहुंची। एक अन्य युवती ने बताया कि पूनम ने खुद आग लगाई। जिससे वह झुलस गई। युवक के परिजनों ने किसी प्रकार की कोई हरकत नहीं की है। वह साड़ी पहनकर नरेश के घर सकरन गांव पहुंची थी। पूर्व में दो बार वह नरेश को जेल भिजवा चुकी है। पूरे प्रकरण में कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मंदिर दर्शन करने जा रहे बाइक सवार युवक को पिकप ने रौंदा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के शुक्लागंज उन्नाव मार्ग पर मंदिर दर्शन करने जा रहे हैं डॉक्टर को तेज रफ्तार पिकअप ने रौंद दिया। इससे उनके मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही घटना की जानकारी परिजनों को दी तो कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ला के रहने वाले अरविंद किशोर (48) पुत्र राम आसरे पेशे से डॉक्टर हैं सोमवार की सुबह मगरवारा स्थित गोकुल बाबा मंदिर में दर्शन करने के लिए बाइक से निकले थे। शेखपुरा नहर के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहा है तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई हादसा होने के बाद आसपास के लोग दौड़े और पिकअप को रोक लिया मौका पाकर चालक भाग निकला। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची है और उन्होंने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की जानकारी पारिवारिक जनों को हुई तो कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

किशोर दौड़ा रहे हैं ई रिक्शा, हादसे को देते दावत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। स्थानीय कस्बे सहित इलाकों की सड़कों पर सरपट दौड़ लगा रहे ई रिक्शा आमजन के लिये सहूलियत कम मुसीबत ज्यादा बनते जा रहे है वही मानक विहीन ई रिक्शा चल रहे हैं रिक्शा चालकों के पास अधिकतर लाइसेंस नहीं है कुछ रिक्शा नाबालिक बच्चे भी चला रहे हैं तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में स्थानीय कस्बे सहित ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर सरपट दौड़ लगा रहे ई रिक्शा आमजन के लिये सहूलियत कम मुसीबत ज्यादा बनते जा रहे है। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों कस्बों में इन दिनों ई रिक्शा की बहुतायत होने से जहां लोगो के लिये सुविधाएं बढ़ी है तो वहीं दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है ग्रामीणांचल में ई रिक्शो के संचालन संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई। रिक्शा चालक ज्यादा सवारी बैठाने के साथही गंतव्य तक जल्दी पहुंचने में तेजी से रिक्शा दौड़ाते हैं। सड़क पर दौड़ रहे इन ई रिक्शो में अधिकतर मानक विहीन होने के साथ ही नाबालिग चालको द्वारासंचालित किए जा रहे हैं।

जनपद में हुई कई हत्याओं का पुलिस नही कर पाई खुलासा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पिछले एक सप्ताह से लगातार संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाना क्षेत्र में कई हत्या की घटनाएं हुई हैं। इनको पुलिस खोलने में नाकाम साबित हो रही है। खुलासे के लिए अधिकारियों ने थाना पुलिस के साथ स्वाट टीम को भी लगाया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है।अजगैन थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यापारी की हत्या, हसनगंज थाना क्षेत्र में झोपड़ी में जलाकर युवक की हत्या, फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में चोरों के द्वारा की गई युवक की हत्या का खुलासा पुलिस के लिए चुनौती बनी है।हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा न्योतनी के गांधी नगर मोहल्ला निवासी किसान की बीते दिनो नृशंस हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए हत्यारों ने शव को झोपड़ी में डालकर जला दिया था। पुलिस ने लगभग 25 से अधिक लोगों से पूछताछ भी की है लेकिन हत्या के लगभग एक माह बीतने के बाद अभी तक पुलिस हत्यारों तक पहुंचने में नाकाम है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।कस्बा न्योतनी के बाहर आम की बाग में झोपड़ी बनाकर रह रहे सुशील मौर्य (35) की हत्या कर उसका शव झोपड़ी में जला दिया गया था। झोपड़ी के बाहर खून और खून से सने हत्यारों के फुटप्रिंट भी मिले थे।पुलिस ने डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए। मौके पर एएसपी प्रेमचंद भी पहुंचे थे। झोपड़ी के बाहर खून पड़ा होने से यह प्रतीत हो रहा था कि हत्यारों ने झोपड़ी के बाहर सुशील की हत्या कर गुनाह छिपाने के लिए शव को झोपड़ी में डालकर आग लगा दी।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर के पीछे किसी चीज से वार किए जाने से मौत होने की पुष्टि हुई थी। एडिशनल एसपी ने घटना के खुलासे के लिए स्वाट सर्विलांस सहित थाने की टीमें लगाई थी। लेकिन नतीजा अभी तक सिफर ही रहा है। कोतवाल चंद्रकांत चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि हर पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना का खुलासा किया जाएगा।अजगैन कोतवाली क्षेत्र में कानपुर के रहने वाले कपड़ा व्यवसाय नदीम की बाड़े में से हत्या कर दी गई। घटना के तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। कुछ संदिग्धों को उठाया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी।इसी तरह फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के कोट गांव निवासी बाबूलाल को बकरी चोरी करने आए कार सवारों ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस में दावा किया कि जल्द ही अनावरण किया जाएगा लेकिन पुलिस अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। हाल फिलहाल की तीन हत्या की घटनाएं न खुलने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एएसपी दक्षिणी प्रेम चंद्र ने बताया कि घटनाओं का जल्द अनावरण होगा पुलिस की टीम काम कर रही हैं।

अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई दो युवक घायल हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पड़ोसी जिला हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम मोहब्बत पुर निवासी अनूप कुमार 35 वर्ष पुत्र रामनरेश यादव अपने बड़े भाई अरुण कुमार 37 वर्ष के साथ बाइक से आवश्यक कार्य हेतु लखनऊ गया था। वापस घर आते समय बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आज सोमवार को ग्राम ढोलौवां के सामने तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। हादसे में बाइक सवार अनूप कुमार और उसका बड़ा भाई अरुण कुमार दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

तीन दिन से लापता युवक का खंती में पड़ा मिला शव, परिजनो ने हत्या की जताई आशंका

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। मौसी के घर से दोस्त से मिलने के लिए निकला युवक रहस्यमय ढंग से कही लापता हो गया। तीसरे दिन सड़क किनारे खंती में बाइक के नीचे दबा उसका शव बरामद किया गया। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु भेज दिया है। युवक की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही। बता दे की बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गौरिया कला निवासी 25 वर्षीय शुभम पुत्र कुंवर सिंह बीते 8 जून की सुबह पहर बाइक द्वारा पड़ोसी गांव अरगुपुर अपनी मौसी के घर गया गया था। जहां से दोपहर करीब वह दोस्त से मिलने की बात कहकर मौसी के घर से निकल गया। लेकिन शाम तक घर ना लौटने पर परिजनों ने 8 जून को ही थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। उसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी, लेकिन उसका कही सुराग नहीं चल सका। लापता होने के तीसरे दिन सोमवार को थाना क्षेत्र के ही गांव अरगुपुर से गौरिया जाने वाले मार्ग किनारे गहरी खंती में बाइक के नीचे दबा हुआ। उसका शव पड़ा हुआ देखा गया। परिजनों के मुताबिक गले में बुरी तरह सूजन दिख रही है जबकि कमर के पास कुछ खून का रिसाव होता दिखा है। शव से कुछ बदबू भी उत्पन्न होने लगी है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।थाना प्रभारी फूलसिंह ने कहा है शव पोस्टमार्टम भेजा गया है। जांचकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक दो भाईयो में बड़ा था शिवम उसका छोटा भाई है, जबकि दो बहने है जिनकी शादी हो चुकी है। चर्चा है कोर्ट मैरिज के बाद उसकी पत्नी उसके साथ नहीं रहती है, जिससे वह कुछ नसे आदि का भी सेवन करता था। जिससे घटना को लेकर चर्चा है कि वह नसे की हालत में उसकी बाइक खंती में जाकर उसके ऊपर पलट गई, जिससे उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। फि लहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। देर रात विद्युत सार्ट सर्किट से आग लगने से तीन दुकानें जल गई . जिनमे रखे फ्रिज,कोल्ड ड्रिंक्स,मिष्ठान सामग्री सहित किराने का सामान जलकर राख हो गया.सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी एवं ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.

कोतवाली क्षेत्र के बृजपालपुर गांव निवासी रमेश पुत्र देवी सहाय,कल्लू पुत्र लल्लू की भैंसहरा चौराहे पर मिष्ठान की दुकानें है तथा गांव के ही मुन्नी लाल पुत्र नन्हके की किराने की दुकान है जिनमे देर रात लगभग 2 बजे कल्लू की दुकान शॉर्ट सर्किट के अचानक आग लग गई. जहां लेटा कल्लू का छोटा पुत्र अभिषेक ने जैसे ही आग की लपटों को देखा वह वहां से बाहर निकला और बगल की दुकान में अपने मजदूरों के साथ लेटा रमेश का छोटा पुत्र अखिलेश यादव ने बाहर निकल अपने लेवरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया परंतु जब आग नही बुझी तो उन लोगों ने बृजपालपुर गांव में निमार्णाधीन अग्निशमन केंद्र पहुंच वहां के लोगों को जानकारी देकर दमकल की गाड़ी को बुलाया तब जाकर किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका.

लेकिन तब तक तीनों दुकानों में रखा लाखों रुपयों का सारा सामान जलकर राख हो गया. रमेश की दुकान में रखे तीन फ्रिज,कल्लू की दुकान में लगा फ्रिज एवं भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक की बोतले और मिष्ठान तथा मुन्नी लाल की किराने की दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था.

जिसके बाद पहुंची पी आर वी ने सभी दुकानदारों का हुए नुकसान की जानकारी लेकर वापस चले गए।

मार्ग पर मवेशी बांधकर फैला रहे है गंदगी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सरकार जहां एक ओर स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत अधिकारियों को स्वच्छता के लिए नए-नए दिशा निर्देश लागू कर नगर एवं गांव को साफ सुथरा रखने का कार्य कर रही है, वहीं इसके विपरीत नगर के पशु पालक मवेशियों को मार्ग में ही बांध कर उनके मंसूबों पर पानी फेरते नजर आ रहे है।स्थानीय नगर पालिका अंतर्गत मोहल्ला कटरा सहित अधिकांश मोहल्लों में मार्ग में बांधे गए जानवरों के चलते गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसके चलते वाहन तो दूर पैदल तक निकलना मुश्किल हो रहा है। पालिका द्वारा पशुपालकों को नोटिसें जारी करने के बावजूद जानवरों को सार्वजनिक मार्ग पर जानवर बांधने से बाज नहीं आ रहे हैं। मार्ग में बंधे जानवरों के मल मूत्र की फिसलन से स्कूली बच्चों सहित तमाम बाइक सवार गिरकर चोटहिल हो चुके हैं। इसके अलावा जानवरों को लेकर मोहल्ला वासियों के बीच आए दिन झगड़ा फसाद होता रहता है। नागरिकों ने पालिका प्रशासन से अतिक्रमण करने वाले पशुपालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है।नगर के मोहल्ला कटरा निवासी पशुपालक अपने मवेशियों को मार्ग में ही बांधने का कार्य करते चले आ रहे हैं। अभी कुछ माह पूर्व नागरिकों की शिकायत पर मार्ग में बंधे मवेशियों को हटाने पहुंची पालिका टीम के साथ पशुपालक राजू व संजय यादव आदि ने गाली गलौज के साथ मार पीट पर भी अमादा हो चुके हैं। तब जान बचा कर भागे पालिका कर्मियों ने स्थानीय कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर दबंगो के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई थी। लेकिन एक सत्ता धारी नेता के संरक्षण के चलते पुलिस द्वारा मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिससे दबंग पशुपालकों के हौसलें और भी बुलंद हो गये। नगर की गलियों में पशुपालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण के संदर्भ में पालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव ने बताया कि तहसीलदार बांगरमऊ से बात हुई है। जल्द ही अतिक्रमणकारी पशुपालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। किंतु तहसील प्रशासन द्वारा भी इस गंभीर मामले में किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी है।

अधेड़ ने कोतवाली पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप एसपी को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आए दिन पुलिस पर पक्षपात और गंभीर आरोप लग रहे हैं। पुलिस अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रही। किसी भी मामले की तह तक नही जाना चाहती पुलिस। घर बैठे ही मामले हल किए जा रहे और शिकायतों में मिथ्या रिपोर्ट लगाई जा रही हैं। लोग पुलिस के डर से शिकायत तक करने को तैयार नहीं होते। कुछ एक शिकायत करते हैं तो उन्हें पुलिस से ही पुलिस के खिलाफ न्याय मिलने की उम्मीद कम होती है। जानकारी के अनुसार थाना सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिलौला के बाबू कुरैशी (55 वर्ष) पुत्र स्व. ननहक्के ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते 26 तारीख को ग्राम सरोसी के कय्यूम पुत्र रसूल जिससे उसकी पुरानी रंजिश है के कुछ बकरे चोरी हुवे थे जिसका आरोप कय्यूम ने बाबू कुरैशी के परिवार पर लगाया जिसको लेकर रविवार को सुबह 10 बजे बाबू कुरैशी को कोतवाली सदर बुलाया गया था। जिसपर बाबू कुरैशी अपने भाई अपने बेटे और भतीजे के साथ कोतवाली पहुंचा था। बाबू का आरोप है कि उसे कोतवाल साहब के सामने पेश किया गया जहां कुछ सिपाहियों ने उसे भद्दी भद्दी मां बहन की गालियां दी। कहा तेरी दाढ़ी नोच डालुंगा साथ ही कहा सरकार से सीधे आदेश हैं कि मुसलमानों को गोली मार दी जाए और मुकदमे लिखे जाएं। एक सिपाही ने 10 हजार रुपए की भी मांग की। बाबू का आरोप है कि थाने में काफी डरा धमकाकर एक सहमति पत्र पर जबरन एक लाख 30 हजार रुपए देने के लिए अंगूठा लगवा लिया। बाबू का कहना है कि वो दिल्ली गया था और 26 की रात 2.30 बजे वापस घर पहुंचा है जिसका उसके पास ट्रेन की टिकट भी है। बाबू का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी फुटेज भी देखी जा सकती है। फिलहाल बाबू कुरैशी ने उन्नाव पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उच्चाधिकारियों ने जांच कराकर कार्यवाही का भरोसा दिया है। बाबू का कहना है कि अगर उसे गलत फंसाया गया या न्याय नही मिला तो विधानसभा के सामने परिवार साथ आत्मदाह करने पर मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदार उन्नाव पुलिस होगी।

सम्पादकीय

नई उम्मीदों-चुनौतियों से भरा होगा मोदी 3:0 कार्यकाल

नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता सर्वसम्मति से चुने गए हैं। अब वे 9 जून रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसी के साथ मोदी 3:0 कार्यकाल शुरू होगा। राजग संसदीय दल के नेता चुने जाने पर मोदी ने भरोसा दिया है कि राजग सरकार के सभी फैसलों में सर्वसम्मति सुनिश्चित करने का प्रयास रहेगा। स्वाभाविक है कि गठबंधन की सरकार रहने के चलते पिछले दो कार्यकाल से इस तीसरे कार्यकाल में कार्यशैली अलग होगी। अब प्रधानमंत्री के रूप में मोदी नोटबंदी जैसे ऐलानिया फैसले नहीं कर सकेंगे। सरकार के फैसलों में कैबिनेट के समावेशी स्वरूप का असर दिखेगा। तीसरे कार्यकाल में जहां मोदी के सामने भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए चुनावी वादे पूरे करने की चुनौती होगी, वहीं सहयोगियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का लक्ष्य भी होगा। हो सकता है मोदी के नेतृत्व वाली नई राजग सरकार एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के अनुरूप कार्य करे। मोदी ने सुशासन, समावेशी विकास, जीवन की गुणवत्ता सुधारने, राज्यों के साथ बेहतर संबंध बनाने, वैश्विक विकास व शांति में भारत के योगदान को बढ़ाने, भारत को पांच साल में पांचवीं से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने आदि का भरोसा दिया है। टीडीपी अध्यक्ष और राजग के अहम घटक चंद्रबाबू नायडू ने साफ संकेत दिया है कि क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन जरूरी है। यह मोदी के लिए साफ संकेत है। इस बार राजग सरकार को मजबूत विपक्ष का भी सामना करना होगा, राज्यसभा में बहुमत की राह और कठिन होगी। विपक्ष को भी रचनात्मक राजनीति को अंगीकार करना चाहिए और संसद में स्वस्थ बहस की परंपरा फिर से शुरू होनी चाहिए। मोदी की नई राजग सरकार के सामने अपने संकल्प पत्र में किए गए सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, मुफ्त राशन, पानी और गैस कनेक्शन, पीएम सूर्यघर, आयुष्मान भारत, पक्के घर, स्वास्थ सेवाओं का विस्तार, उच्च शिक्षा में सुधार, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप और टूरिज्म में बेहतर सुधार, 3 करोड़ लखपति दीदी, नारी वंदन अधिनियम, किसान कल्याण, श्री अन्न, नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब, आत्मनिर्भर भारत, अर्बन हाउसिंग, ट्रांसपोर्टेशन, वाटर मैनेजमेंट, साफ हवा, कचरे के ढेर से मुक्ति और स्वच्छ पानी के लिए मिशन मोड पर काम, नए एयरपोर्ट हाईवे, मेट्रो, अंडरवाटर मेट्रो का निर्माण, भारत स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वीकल टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनने जैसे वादे पूरे करने की चुनौती होगी। समान नागरिक संहिता और एक देश, एक चुनाव जैसे एजेंडे भी सामने होंगे। कृषि, श्रम, उर्वरकों और बिजली पर सब्सिडी में सुधार के कदम उठाए जाने हैं। पेट्रोलियम को जीएसटी के दायरे में लाया जाना है। कुछ पीएसयू बैंकों का निजीकरण, संसदीय सीटों का परिसीमन और जनगणना जैसे अहम काम भी करने होंगे। जाति जनगणना, एससी व ओबीसी कोटे में मुस्लिम आरक्षण, समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दे नेपथ्य में रखने पड़ सकते हैं। विधानसभा व लोकसभा में महिला आरक्षण भी लागू किया जाना है, परिसीमन के बाद लागू करने की बात है। मोदी की नई राजग सरकार में अब सरकार व घटक दलों के बीच संवाद को प्राथमिक ी प्रवेश किया जाना है। नई स रेगी।

आम चुनाव

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> आम चुनाव परिणामों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि मतदाता के मन को समझना इतना सरल, इतना आसान नहीं है। इसी तरह से एक्जिट पोल और धरातलीय परिणामों में अंतर से साफ हो जाता है कि मतदाता खुलता भी नहीं है तो किसके पक्ष में मतदान करके आया है उसे वह मुखर होकर बताता भी नहीं है। चुनाव परिणामों से सट्टा बाजार की भी पोल खुल कर रह गई है। ऐसे में सवाल यह हो जाता है कि मतदाता इस जनादेश के माध्यम से आखिर संदेश क्या देना चाहते हैं?एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि 18वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम कहीं भी खंडित जनादेश नहीं है। इन्हें खंडित जनादेश मानने की गलती की भी नहीं जानी चाहिए।

लोकसभा के जनादेश के मायने

अठारहवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि मतदाता के मन को समझना इतना सरल, इतना आसान नहीं है। इसी तरह से एक्जिट पोल और धरातलीय परिणामों में अंतर से साफ हो जाता है कि मतदाता खुलता भी नहीं है तो किसके पक्ष में मतदान करके आया है उसे वह मुखर होकर बताता भी नहीं है। चुनाव परिणामों से सट्टा बाजार की भी पोल खुल कर रह गई है। ऐसे में सवाल यह हो जाता है कि मतदाता इस जनादेश के माध्यम से आखिर संदेश क्या देना चाहते हैं? लोकसभा चुनाव परिणामों से यह तो साफ हो गया है कि मतदाता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए) को तीसरी बार सरकार चलाने या यों कहें कि कंटिन्यूटी का अवसर दे दिया है, क्योंकि एनडीए को स्पष्ट बहुमत दिया है। ऐसा नहीं है कि परिणाम के बाद किसी बाहरी दल के सहयोग की आवश्यकता हो। बहुमत के 272 की तुलना में एनडीए को 293 सीटें मिली हैं वहीं पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भाजपा को अकेले स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से दूर अवश्य रखा है, पर सबसे बड़े दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सामने आई है। देखा जाए तो 10 साल बाद किसी भी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। इससे यह भी तो स्पष्ट हो जाता है कि सत्ता विरोधी लहर उतनी नहीं रही जितनी दस साल के शासन के बाद सामान्यतः आ जाती है, पर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा आदि के माध्यम से मतदाता ने अपनी नाराजगी जाहिर करने में किसी तरह का संकोच भी नहीं किया है। दरअसल जनआंकाक्षाओं और सरकार की परफारमेंस के बीच अंतर को पाटने में सरकार पूरी तरह से सफल नहीं रही। हांलाकि परफारमेंस के पैरामीटर्स या यों कहें कि मापदंड बदलते रहते हैं। एक बात यह भी स्पष्ट हो जानी चाहिए कि यह जनादेश केन्द्र सरकार की वर्तमान नीतियों का नकार नहीं हैं, अपितु मतदाता सरकार द्वारा नेपथ्य में डाले हुए विषयों को सामने लाकर आगे बढ़ने की दिशा में दिया गया संदेश है और इस जनादेश से एकदम साफ संदेश है कि सरकार की प्राथमिकता में इन विषयों को लेना ही होगा।

दरअसल जनता कहीं ना कहीं संतुलन चाहती है। सरकारों को जहां एग्रेसिव होना अच्छा लगता है वहीं जनता कहीं ना कहीं डिलीवरी सिस्टम को लेकर भी चिंतित रहती है। केवल उज्ज्वल और एग्रेसिव छवि, सफल विदेश नीति, राष्ट्रीयता और राष्ट्रवाद, धर्म, आर्थिक विकास या यों कहें कि इकोनोमिक ग्रोथ के साथ ही बहुत से ऐसे कारक है जिन्हें नकारा नहीं जा सकता। इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया का सबसे बड़ा और सफलतम लोकतंत्र हमारे यहां है। लोकतांत्रिक देशों में सर्वाधिक राजनीतिक दलों वाला भी हमारा ही देश है। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था व चुनाव व्यवस्था की सारी दुनिया कायल है, पर इसके साथ ही अब आमजन का मनोभाव यह है कि राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए ना कि मंडी बाजार जैसी एक दूसरे पर छींटाकशी के हालात। वास्तविकता तो यह है कि प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तो

रही ही नहीं है,अपितु दिन प्रतिदिन एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाना ही एकमात्र काम रह गया। मानो या ना मानो पर आज हालात यह हो गए हैं कि राजनीतिक शालीनता तो रही ही नहीं। दूसरी बात धर्म की करें तो उत्तर प्रदेश में अयोध्या की सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की हार और यूपी के परिणाम बीजेपी के लिए घोर निराशाजनक होने से साफ संकेत हैं कि केवल श्रीराम लला या धर्म के नाम पर ज्यादा दिन नहीं चला जा सकता। लोगों का मानना है कि अब राम मंदिर बन गया वह सबके सामने हैं तो अब उसे जनमानस की आस्था का केन्द्र रहने दो न कि उसे राजनीतिक रूप से भुनाना। हिन्दी बेल्ट के परिणाम इसे साफ कर देते हैं। लोग आतंकवादी गतिविधियों व असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम को तो उचित मानते हैं, पर अब इसमें धर्म का प्रयोग कुछ अति ही लगने लगा है।

एक अन्य बिंदु आर्थिक एजेंडा को लेकर है। कहीं भी मतदाता ने आर्थिक एजेंडे को नकारा नहीं है, पर लोग अब महंगाई से त्रस्त हो रहे हैं तो बाजार पर सरकार का नियंत्रण कम होने से परेशान हैं। जनमानस जहां आर्थिक क्षेत्र में हाई ग्रोथ चाहने लगा है तो सबसे बड़ी समस्या रोजगार के अवसरों को लेकर है। पक्ष व विपक्ष सभी का प्रिय मुद्दा नौकरियां है। सरकार जहां कहती है कि लाखों की संख्या में नौकरी के अवसर विकसित किए हैं वहीं विपक्ष नौकरियां नहीं मिलने की बात करता रहा है। इन चुनावों में भी हिंदी बेल्ट में नौकरियों की कमी का अंडर करंट अवश्य रहा है, इसलिए नौकरियों के अवसर विकसित करने के साथ ही नौकरियां उपलब्ध कराने और उसका प्रोपेगेंडा करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आम आदमी का जीवनयापन आसानी से हो सके, इसके लिए सरकार को विजिलेंट रहना ही होगा। इसी तरह से आधारभूत संरचनाओं के विस्तार पर जोर देना होगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, सड़क आदि क्षेत्रों में सरकार को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना ही काफी है। आमजन शांति, प्रेम और स्नेह का वातावरण, तेजी से समग्र विकास, विदेशों में गौरव और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार चाहता है। रोजगार की सहज उपलब्धता और बाजार पर सरकार की नियंत्रण होने से जीवनयापन और अधिक आसान हो सकता है।

जहां तक विदेश नीति की बात है इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले दस सालों में भारत अब दुनिया के देशों के सामने चौधरी की भूमिका निभाने लगा है। आज कोई भी देश चाहे वह कितना भी बड़ा, संपन्न और शक्तिशाली हो पर भारत को इग्नोर करने की गलती नहीं कर सकता। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि 18वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम कहीं भी खंडित जनादेश नहीं है। इन्हें खंडित जनादेश मानने की गलती की भी नहीं जानी चाहिए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत दिया गया है तो भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा दल बनाते हुए सबको साथ लेकर चलते स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ने का मैसेज है। केन्द्र व राज्यों के संबंधों को विकास में सहभागी बनाने की आवश्यकता है, इसलिए निराश होने की कोई बात नहीं है अपितु राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत और मजबूत विपक्ष के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक गतिमान बनाने का मैसेज है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और विदेशों से संबंध के रूप में देश को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेंगे, नई आर्थिक क्षेत्र में भारत में निवेश देखने को मिलेगा। मोदी सबको साथ लेकर चलेंगे और सबका विकास करेंगे।

सारा संसार

कनिपकम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुपति से लगभग 75 किलोमीटर दूरी पर स्थित भारत के प्राचीन गणेश मंदिर में से एक है, जो अपनी ऐतिहासिक संरचना और आंतरिक डिजाइन के लिए जाना जाता है।

आवश्यक

डॉ. मोनिका शर्मा

ईवीएम पर सवाल से पहले सोचें

अठारहवीं लोकसभा चुनावों में बहुत से जनप्रतिनिधियों में ईवीएम की विश्वसनीयता और केंद्रीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर बार-बार सवाल उठाए। लोकसभा हो या राज्यों की विधानसभा के लिए प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया। किसी ना किसी दल के लोग चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर आशंका जताते रहते हैं। आरोपों और उलाहनों का यह खेल हर बार खेला जाने लगा है। आक्षेपों और आरोपों को किसी पुख्ता सबूत के साथ सामने लाने के बजाय अफवाह फैलाने का ही काम किया जाता है। असल में स्वायत्त संवैधानिक निकाय की कार्यप्रणाली पर यूं प्रश्नचिह्न लगाना देश की आम जनता को भी भय और भ्रम के घेरे में लाने वाला बर्ताव है। ऐसे में अब चुनाव आयोग ने भी सख्ती से कुछ प्रश्न किए हैं। दुखद है कि केंद्रीय चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर उठाए जाने सवाल जनादेश अपने पक्ष में आने के बाद सुनाई नहीं देते, जिसका सीधा सा अर्थ है कि निराधार शिकायतों से केवल माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान शंका का माहौल बनाने वाले जन-प्रतिनिधि परिणामों का रुझान देखकर ही सुर बदल लेते हैं। यही वजह है कि निर्वाचन आयोग 2024 के आम चुनावों के परिणाम घोषित किए जाने पहले ही स्पष्ट कहा था कि जन-प्रतिनिधि किसी भी तरह की गड़बड़ी के साक्ष्य सामने रखें तो जरूर कार्रवाई की जाएगी,वरना अफ़वाहों का कोई इलाज नहीं है। समझना मुश्किल नहीं कि चरम मौसमी स्थितियों और बड़ी आबादी वाले भारतीय लोकतन्त्र में चुनाव प्रक्रिया को पूरा करना आसान काम नहीं है। दुनियाभर में भारतीय चुनाव आयोग के नवाचारों और प्रबंधों को सराहा जाता है। बावजूद इसके आधारहीन आरोप लगाने की स्थितियों के लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, 'हम पर झूठे आरोप लगाए गए। हमें लापता जेंटलमेन कहा गया, लेकिन इसी दौरान देश में मतदान का विश्व रिकॉर्ड बन गया। यह हमारे लोकतंत्र की ताकत है। हमने फेक न्यूज रोकी, लेकिन खुद पर होने वाले हमले नहीं रोक पाए। ध्यातव्य है कि पहली बार निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुछ बातें सामने रखीं हैं। 1952 से लेकर अब तक के किसी भी लोकसभा चुनाव के दौरान आयोग द्वारा मतदान के बाद और परिणाम घोषित किए जाने से पहले कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की गई है। ऐसे में प्रश्न उठाने वाले राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के प्रश्नों का भी जवाब देना चाहिए।चिंतनीय है कि कभी ईवीएम में गड़बड़ी करने का आरोप तो कभी निर्वाचन आयोग पर पक्षपात करने के सनसनीखेज आरोप लगाकर चुनाव प्रणाली का उपहास बनाया जाता है, जबकि अब आम जनता भी यह प्रश्न करने लगी है कि किसी दल की अपनी जीत या बेहतर प्रदर्शन करने पर ईवीएम मशीन को लेकर कोई शिकायत क्यों नहीं रहती? र

क्षमा करें और भूल जाएं

संकलित

दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

अंतर्मन



आज की पाती

ईवीएम बदनाम होने से बच गई

आम चुनाव से पहले कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और ईवीएम पर संदेह कर रहे थे। इन पर सवाल ज्यादातर तभी खड़े किए जाते हैं जब कहीं भाजपा जीत हासिल करती है। लेकिन इस बार के आम चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की, पर पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के कारण ईवीएम शायद बदनाम होने से बच गई। हैरानी की बात है कि हाल ही में लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने और कांग्रेस के गठबंधन इंडिया को 200 से अधिक सीटें मिलने के कारण इस पर किसी ने भी, खास तौर पर कांग्रेस और आप ने ईवीएम पर सवाल खड़े नहीं किए। देश में चुनाव आयोग हर चुनाव से पहले ईवीएम की उचित और निष्पक्ष जांच करता है।

-रविन्द्र जोशी, बिलासपुर

ट्रेंड

शिक्षा में गुणात्मक बदलाव

मेरे जीवन का हर पल भारत के संविधान के महान मूल्यों के प्रति समर्पित है। ये हमारा संविधान ही है, जिससे पिछड़े परिवार में पैदा हुए मुझ जैसे व्यक्ति को राष्ट्रसेवा का अवसर मिला है। ये हमारा संविधान ही है, जिसकी वजह से आज करोड़ों देशवासियों को गरिमापूर्ण जीवन मिल रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

इतिहास लिखा जाएगा

जब अब से वर्षों बाद हमारे समय के बारे में इतिहास लिखा जाएगा, तो आइए हम वह पीढ़ी बनें जिसने अपने समय में लोकतंत्र को बचाया। हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत है जितना हम सब मिलकर इसे मजबूत बनाते हैं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

आहार शुचिता आवश्यक

रोगोत्पति प्रायः अनियमित आहार विहार के कारण होती है। आहार का संबंध मनुष्य के मन से है। शास्त्र और वैज्ञानिकों के अभिमत के अनुसार बिना आहार शुचिता के स्वस्थ जीवन संभव नही है। अत: सभी के लिए सम्पूर्ण पोषण सुनिश्चित करना समाज और सरकारों का उत्तरदायित्व है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

जांच होनी चाहिए

पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गई है। इसकी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है। ये अभ्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ है। सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच होनी चाहिए।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

करंट अफेयर

फ्रांस यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि फ्रांस यूक्रेन को रूस के आक्रमण के खिलाफ देश की रक्षा में मदद करने के लिए अपने मिराज लड़ाकू विमान प्रदान करेगा। उन्होंने यह बात डी-डे आक्रमण को स्मरण करने के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के फ्रांस में विश्व नेताओं के साथ शामिल होने के बाद कही। फ्रांस को नाजियों के कब्जे से छुड़ाने के लिए छह जून, 1944 को नॉरमेंडी नामक स्थान पर लड़ाई शुरू हुई थी। छह जून को फ्रांस में 'डी-डे' के तौर पर मनाया जाता है। जेलेंस्की पश्चिमी देशों से अधिक मदद लेने के लिए फ्रांस में थे

ऑफ बीट

अल्जाइमर को वास्तव में उलटा किया जा सकता है

अल्जाइमर से पीड़ित दो लोगों ने दावा किया है कि उन्होंने जीवनशैली में साधारण बदलावों से इस बीमारी पर विजय पा ली है। डिमेंशिया और अल्जाइमर पिछले दस वर्षों से यूके में प्रमुख हत्यारों में से एक रहे हैं, जो 2022 में 11.4% मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि नई दवाएं बीमारी की प्रगति को कम कर सकती हैं, लेकिन अधिक सबूत सामने आ रहे हैं कि अल्जाइमर के लक्षणों को पलटने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को एकीकृत करने जैसा सरल कुछ भी नहीं हो सकता है। अल्जाइमर रोग को दो उपसमूहों में विभाजित किया जा सकता है, पारिवारिक और छितराए हुए।



संक्षेप

नीट परीक्षा पास कर असहद ने कैसरगंज का किया नाम रोशन

फर्स्ट अटेम्प्ट में पास की परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज के ग्राम रेवालिया में रहने वाले मोहम्मद असहद पुत्र मौलाना अलीमुद्दीन कासमी ने बहुत रोमांचित वाकया पेश किया। मोहम्मद असहद ने नीट परीक्षा वर्ष 2024 का एग्जाम बगैर किसी कोचिंग सेंटर की मदद से सेल्फ स्टडी करके फर्स्ट अटेम्प्ट में ही उत्तीर्ण की। असहद ने इण्टर की परीक्षा एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल कैसरगंज से पास की है। मोहम्मद असहद एक ही बहुत साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इनके पिता मौलाना अलीमुद्दीन कासमी बहराइच के मदरसा नुरुल उलूम में पढाते हैं। असहद की ख्वाहिश थी कि वह अपने कैसरगंज इलाके का एमबीबीएस परीक्षा पास करके नाम रोशन करें, इसलिए मोहम्मद असहद बगैर किसी कोचिंग सेंटर की मदद से एमबीबीएस नीट की परीक्षा 2024 में 663 नंबरों के साथ पास की। कैसरगंज के क्षेत्रवासियों में काफी खुशी की लहर है।

नदी में डूबने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में युवक पैर फिसलने से की नदी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और विधिक कार्रवाई में जुटी है। युवक पिछले एक महीने से अपनी बहन के घर पर रहकर फालिस का इलाज करवा रहा था। मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे महावीर गांव का है। यहां पड़ोसी जिले सुल्तानपुर के कुड़वार थाना क्षेत्र के ब्राहिमपुर का रहने वाला मनोज निषाद अपनी बहन के घर पर रहकर पिछले एक महीने से फालिस का इलाज करवा रहा था। आज सुबह करीब 10 बजे मनोज पुत्र महादेव निषाद शौच के लिए गोमती नदी के किनारे गया था। अचानक पैर फिसल जाने के कारण नदी में गिरकर डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और नदी में उतरकर मनोज की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने मनोज के शव को गोमती नदी से बरामद कर लिया। बाजार शुकुल थाना प्रभारी तनुज पाल ने कहा कि युवक शौच के लिए नदी की तरफ गया था।

सिद्धार्थनगर में मुख्य मार्ग के नाली का ढक्कन टूटा

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड नं 10 महाराजा अग्रसेननगर में रोडवेज के सामने व माली मैनहा गांव सहित अन्य गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर जल निकासी के लिए बने नाली का ढक्कन टूटने से राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन में हो रही असुविधा व समस्या से आमजन मानस में काफी रोष व्याप्त है।

अवैध कपड़ों के साथ तीन महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। सशस्त्र सीमा बल बहराइच-क के निर्देशन में सीमा चौकी रुपैडिहा के कार्मिकों द्वारा गश्त निकाली गई। गश्त के दौरान लगभग 11:55 बजे सीमा स्तम्भ संख्या 651/02 से लगभग 80 मीटर भारतीय क्षेत्र में तीन महिला सामान के साथ भारत से नेपाल जाती हुई दिखाई दिया। गश्ती दल को सकिय हरकत होने पर तीनो महिलाओं को रोका गया तथा पूछ ताछ किया गया। पूछ ताछ के दौरान एक महिला ने अपना नाम सोरु थापा मगर उम्र -30 वर्ष पिता कुल बहादुर निवासी-कोहलपुर नेपाल, दुसरी महिला ने अपना नाम सीता कुमारी विस्ट, उम्र 42 वर्ष, पिता राम हरी विष्ट निवासी कोलपुर नेपाल तथा तीसरी महिला ने अपना नाम विष्णु सुनार उम्र 50 वर्ष पिता गिरी सुनार कोलपुर नेपाल बताया। गश्ती दल के द्वारा संदिग्ध सामान होने के कारण सामान की जाँच कराने को कहा गया जिस पर महिलाओ ने डरते हुए बताया की इसमें कपडा का थान है जो 57 पीस कुल 1368 मीटर है, जो भारत से नेपाल में किसी दुकान में देना है, जिसके बदले हमें कुछ पैसे मिलने वाले हैं। जिससे हम लोग अपना जीवन यापन करते है। बरामद कपडे व अभियुक्त तीनो महिलाओं को सर्वोच्च न्यायलय व मानवाधिकार के निदेर्शों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा सभी आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना रुपैडिहा के सुपुर्द किया गया।

भारत सरकार के प्रतिनिधि मण्डल ने जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक

योजनाओं के क्रियान्वयन पर जताया संतोष

लाभार्थियों से किया संवाद

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जल जीवन मिशन, मुद्रा योजना, पीएम स्वानिधि, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा इत्यादि योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण पर आये दूर संचार मंत्रालय भारत सरकार के उप सचिव रामानुज डे व निदेशक उच्च शिक्षा भारत सरकार प्रियांक चतुवेर्दी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। तदोपरान्त मौसम विभाग परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन किया तथा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से फीड बैक प्राप्त कर संतोष व्यक्त किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।प्रतिनिधि मण्डल में सम्मिलित अधिकारियों उप सचिव रामानुज डे व निदेशक उच्च शिक्षा प्रियांक चतुवेर्दी ने आकांक्षात्मक जनपद में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह भी सुझाव दिया कि यदि क्रियान्वयन में कोई समस्या आती है तो उसका भी समयान्तर्गत समाधान कराया जाय। प्रतिनिधि मण्डल में शामिल अधिकारियों द्वारा जनपद में सेवा से संतृप्तिकरण व पिंक ई-रिक्शा के लिए डीएम तथा अधीनस्थ अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य योजनाओं में भी नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी न्यायिक राकेश कुमार मौर्या, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, सीएमओ डॉ. राजेश कुमार, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ऑथेन्टिकेशन के माध्यम से कार्डधारकों की होगी ई-केवाईसी

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद में राशनकार्ड लाभार्थियो के डाटाबेस में सीडेंड आधार नम्बर का समुचित वैलिडेशन नहीं हो पाने के कारण पात्र/अपात्र लाभार्थियों की पहचान तथा आधार ऑथन्टिकेशन से खाद्यान्न वितरण में आने वाली समस्याओं के निस्तारण ई-केवाईसी द्वारा किया जाना है। प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान माह जून, 2024 से कराया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए राशनकार्ड के समस्त सदस्यों का सहयोग नितान्त आवश्यक है।

उन्होनें बताया कि ई-केवाईसी अभियान के महत्वपूर्ण बिन्दु है, राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉश मशीन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं के सहयोग से निःशुल्क कराया जाएगा। लाभार्थी अपनी निकटतम किसी भी उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते है। ई-केवाईसी हेतु लाभार्थियों का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन किया जाएगा। ई-केवाईसी के साथ इस विकल्प के अन्तर्गत राशनकार्ड से मोबाईल नम्बर जोड़े जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसका उपयोग राशनकार्ड मुखिया द्वारा करते हुए मोबाईल नम्बर फीड/संशोधित किया जा सकेगा। इस मोबाइल नम्बर पर कार्ड पर प्राप्त होने वाला राशन का विवरण एस०एम०एस० द्वारा प्राप्त होगा। यदि किसी राशनकार्ड में मुखिया से परिवारजन का सम्बन्ध गलत प्रदर्शित है, तो उसे भी सुधारा जा सकेगा। इस संशोधन का अधिकार भी केवल राशनकार्ड के मुखिया को होगा। अन्य सभी राशनकार्ड सदस्यों को मात्र ई-केवाईसी ही कराना होगा। सभी राशनकार्ड परिवारी से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उचित दर दुकानों में पहुँचकर अपना ई-केवाईसी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

बांदा में अचानक अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची डीएम

गैरहाजिर डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ का वेतन रोकने का निर्देश

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा जिलाधिकारी ने जिला पुरुष और महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान गैर हाजिर दो महिला चिकित्सक समेत पैरामेडिकल स्टाफ का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश भी दिया। डॉक्टर के ड्यूटी में देरी से आने पर उन्होंने फटकार भी लगाई और वार्डों का भ्रमण करते हुए मरीजों से मुलाकात की और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बांदा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला अस्पताल और महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से चिकित्सालय इलाज के संबंध में जानकारी लेते हुए डॉक्टर को अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएम ने अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों से बात करते हुए उनकी बीमारी और अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। परीक्षा में जिला चिकित्सालय में डॉक्टर विकास दीप को ड्यूटी में देरी आने पर कड़ी फटकार लगाई। इसके साथ ही जिला महिला चिकित्सालय के निरीक्षण में डॉक्टर रीमा आर्य डॉक्टर नंबर सिराज अनुपस्थित मिले। इस पर डीएम ने अनुपस्थित चिकित्सकों और पैरामेडिकल की निर्देश दिया। आकस्मिक वार्ड में भर्ती मरीजों को ज्यादा देखते हुए उन्होंने आकस्मिक चिकित्सा के बाद संबंधित वार्ड में भेजने के निर्देश दिए।

12 जून को सेवायोजन कार्यालय पर आयोजित होगा रोजगार मेला

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में 12 जून 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 02 प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर लखनऊ द्वारा वेलनेस एडवाइजर के 80 पदों पर 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 12,000=00 तथा ब्राइट फयूचर हर्बल, आयुवैर्दिक प्रा.लि. द्वारा मार्केटिंग आफिसर के 56 पदों पर 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 15,500=00 देय होगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु उनका चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनका एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 12 जून 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, बहराइच में उपस्थित होकर अधिकाधिक पुरुष/महिला प्रतिभाग कर रोजगार मेले का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

चार महिलाओं समेत पांच घायल, पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पहुंचाया अस्पताल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में बीती रात मामूली विवाद में दो पक्ष आमने-सामने हो गए, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट में दोनों पक्षों से चार महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज चल है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि तंत्र मंत्र को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के मवई गांव का है, जहां देर रात करीब 11 बजे दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में दोनों पक्षों से राजेश कुमारी, शिवपता समेत चार महिलाएं और एक युवक घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही जामो पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को जामो सीएससी में भर्ती कराया जहां सभी का इलाज चल रहा है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसएचओ विवेक सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट के कारणों की जानकारी की जा रही है। वहीं अस्पताल मौजूद डॉक्टर ने कहा कि दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हैं सभी का इलाज चल रहा है सभी की हालत खतरे से बाहर है।

सुलतानपुर में शासनादेश के विरोध में प्रधानों का प्रदर्शन

बोले- शासनादेश लागू करने से छठें और सातवें चरण में हुआ भाजपा को नुकसान

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, यूपी में ग्राम पंचायत से जुड़ा एक शासनादेश जो लोकसभा चुनाव के दौरान जारी हुआ उसको लेकर ग्राम प्रधानों का गुस्सा फूटा है। प्रधानों का आरोप है कि इसी शासनादेश के चलते लोकसभा चुनाव में बीजेपी को छवें और सातवें चरण में भारी नुकसान हुआ है। प्रधानों ने अब शासनादेश को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया और शासनादेश को रोके जाने की मांग की है। बीते 20 मई को पंचायती राज विभाग के निदेशक अटल कुमार राय ने प्रदेश के सभी जिला पंचायत राज अधिकारियों को एक शासनादेश भेजा था। इसमें ग्राम पंचायतों में ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं को अपलोड किए जाने, वर्क आईडी जनरेट किए जाने, एवं कार्य के उपरांत भुगतान ग्राम सचिवालय में स्थापित कंप्यूटर सिस्टम के जरिए किए जाने का निर्देश जारी किया था। इस कंप्यूटर सिस्टम का संचालन विभाग द्वारा रखे गए अस्थाई पंचायत सहायक द्वारा किया जाता है। प्रधानों ने आरोप लगाया कि इन मानदेय पंचायत सहायकों को पंचायत गेट वे सॉफ्टवेयर में फेस स्कैन और क्यूआर वेरिफिकेशन को एकीकृत कर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से पंचायत सचिवालय में स्थापित कंप्यूटर सिस्टम से भुगतान के लिए अधिकृत किया गया है। इसी से नाराज दर्जनों ग्राम प्रधानों कलेक्ट्रेट पहुंचकर भुगतान प्रक्रिया में पंचायत सहायकों को शामिल करने की प्रक्रिया का विरोध कर प्रदर्शन किया। प्रधानों ने आरोप लगाया कि जब देश में पांचवें चरण का मतदान चल रहा था उसी दिन पंचायती राज विभाग के निदेशक अटल कुमार राय ने ये शासनादेश जारी किया। इसी शासनादेश से नाराज ग्राम प्रधानों की बदौलत लोकसभा चुनाव के 6वें और 7वें चरण में बीजेपी प्रत्याशियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। पूर्वांचल की कई सीटों पर बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा था।

लिहाजा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा। उन्होंने इस शासनादेश को रोकने की मांग की है। साथ ही कोई कार्रवाई न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। रिंकू सिंहकटावां के प्रधान रिंकू सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार में जो आला अधिकारी जो बैठे हुए हैं वो लगातार ग्राम पंचायतों के जो अधिकार हैं उनको कम करने का वो कुंठित प्रयास कर रहे हैं। पंचायती राज एक्ट में जो हमारी शक्तियां निहित हैं उनको धीरे धीरे कम करते हुए प्रधानों को एक तरह से पंगु बना दे रहे हैं। हमारा ही नियुक्त किया हुआ कर्मचारी उसे हम पेमेंट नहीं कर सकते हैं।

अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर रफ्तार का कहर

एक की मौत, दूसरे को गंभीर हालत में किया गया रेफर, कपड़े प्रेस करके लौट रहा था बुजुर्ग

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुलतानपुर में अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां कूरेभार थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई है। दूसरे को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। कूरेभार थाना क्षेत्र के पूरापट्टी सहरी गांव निवासी अनुपम कनौजिया गुप्तारगंज कस्बे में कपड़ा प्रेस कर अयोध्या-प्रयागराज सड़क मार्ग से साइकिल से अपने घर की तरफ लौट रहा था। वह कस्बे के अरविंद वर्मा के आवास के पास पहुंचा था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान अनुपम कनौजिया (56) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरा हादसा अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग का ही है। गोसाईंगंज थानाक्षेत्र मीरदासपुर निवासी लालचंद वर्मा पेट्रोल पंप से डीजल लेकर घर को जा रहे थे।

छज्जा गिरने से महिला समेत 2 की मौत

2 युवकों का चल रहा इलाज, तहसीलदार ने मौके पर जाकर कराई बैरीकेडिंग

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुलतानपुर में मकान का छज्जा गिरने से युवक समेत दो की मौत हो गई। वही हादसे में दो युवक घायल हुए हैं, जिनका राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। खबर मिलने पर सदर तहसील के तहसीलदार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बैरिकेडिंग कराई है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना कोतवाली नगर के विवेक नगर अंतर्गत घसियारमंडी क्षेत्र की है। जहां दीपक वर्मा पुत्र राजा राम वर्मा के मकान के दूसरे तल का छज्जा गिर गया। पास से गुजर रही मालती देवी (85) पत्नी बाबूराम, राम लखन (38) पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी विवेक नगर, किशन वर्मा (35) पुत्र राम कुवारे वर्मा, दीपक वर्मा (40) पुत्र राजाराम वर्मा घायल हुए। स्थानीय लोगों व प्रशासन ने सभी घायलों को आनन-फानन में राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचाया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मालती देवी की मौत हो गई। वही गंभीर रूप से घायल राम लाखन को राजकीय मेडिकल कॉलेज से डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया। लखनऊ में राम लखन की भी मौत हो गई है।

एसपी अनूप सिंह ने चलाई तबादला एक्सप्रेस

बड़े स्तर पर थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव, कई हुए पैदल; नए इंस्पेक्टरों को मिली तैनाती

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही अमेठी एसपी अनूप सिंह ने बड़े स्तर पर थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसपी ने कई थाना प्रभारियों को पैदल कर नए निरीक्षकों को मौका दिया है। इसके साथ ही सालों से जमे कई थाना प्रभारियों को एक थाने से दूसरे थाने पर ट्रांसफर किया गया है। निरीक्षक श्याम नारायण पांडेय को प्रभारी चुनाव सेल से थाना प्रभारी गौरीगंज बनाया गया है। निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह को पीआरओ एसपी ने मोहनगंज थाने की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक अजयेंद्र पटेल को अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक रामगंज बनाया गया है। निरीक्षक विवेक सिंह को जामो से मुसाफिरखाना थाने की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि मुसाफिरखाना थाना प्रभारी विनोद सिंह को जामो की कमान सौंपी गई है। निरीक्षक ईश नारायण मिश्र को अपराध शाखा से थाना प्रभारी संग्रामपुर बनाया गया है उप निरीक्षक अमरेंद्र सिंह को प्रभारी 112 से इन्हौना थाने भेजा गया है, जबकि उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्र को भाले सुलतान थाने की जिम्मेदारी दी गई है। मोहनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव को फुरसतगंज थाना प्रभारी बनाया गया है।

निरीक्षक थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी को अपराध शाखा भेजा गया है और अमेठी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह को अमेठी से प्रभारी मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है निरीक्षक पंकज द्विवेदी को इन्हौना थाने से प्रभारी लोक शिकायत प्रकोष्ठ बनाया गया है।

उप निरीक्षक संदीप राय को चुनाव सेल से पीआरओ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

संक्षेप

सोनभद्र में आपूर्ति-विभाग ने कोटे के दुकान की जांच की

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर, सोनभद्र के जरहा न्याय पंचायत अंतर्गत नेमना गांव में कोटेदार ने लगभग तीन सौ लोगों का राशन नहीं दिया। ग्रामीणों ने खाद्यान्न विभाग से शिकायत की। लोगों का आरोप है कि कोटेदार ने अंगूठा लगवा लिया लेकिन राशन नहीं दिया। वहीं कई ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें तीन माह से राशन नहीं मिल रहा है। कोटेदार पर 100 कुंतल राशन बेचने का आरोप है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें राशन नहीं मिल रहा तो बेचा ही जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर जिलापूर्ति अधिकारी गौरी शंकर शुक्ला ने एसडीएम से लिखित शिकायत की थी। मामले में आपूर्ति विभाग की टीम ने मौके से जांच करने पहुंची और शिकायत करने वालों का बयान दर्ज किया। आपूर्ति निरीक्षक संदीप बाबू ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद जांच किया गया है। कई कमियां पाई गई हैं। जांच की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी।

बलरामपुर में बिजली विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर, बलरामपुर के तुलसीपुर में बिजली विभाग द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विभाग को ज्ञापन सौंपा है। विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने की मांग की है। मामला बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर के विद्युत विभाग का है। यहां पर कर्मचारी और जेई की मिली भगत से हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर व्यापारियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। मामले पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल महामंत्री रितिक गुप्ता का कहना है कि तुलसीपुर बिजली विभाग में जेई और कर्मचारियों के मिली भगत से भ्रष्टाचार हो रहा है। बीते दिनों आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर में जहां एक तरफ बिल्ली कटौती से लोग काफी परेशान हैं वहीं तुलसीपुर बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा 4000 से कम बकाएदारों का बिजली काट दिया जा रहा है। जिनका बकाया 1 लाख से ऊपर है, उनसे चेकिंग के दौरान 1 हजार से लेकर 500 रुपये का अवैध वसूली कर रहे है और जल्दी-जल्दी बिल जमा करने को कहकर मामला शांत कर देते हैं। वहीं इस मामले को लेकर व्यापारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री रितिक चौरसिया का कहना है कि नगर की इस समस्या को लेकर कई बार जेई को अवगत कराया गया परंतु उनसे केवल आश्वासन मिला समस्या का निदान नहीं हुआ है। वहीं, ऋतिक चौरसिया ने इस मामले पर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की उच्च अधिकारियों से अपील की है।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरओ सिस्टम खराब होने से मरीजों का बुरा हाल

पानी की बोतल 20 रुपए में खरीदने को मजबूर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। भीषण गर्मी के बीच पीपीगंज नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरओ सिस्टम एक हफ्ते से खराब होने से मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अस्पताल में पीने के पानी की किल्लत इतनी है कि मरीजों को 20 रुपए में पानी की बोतल खरीदनी पड़ रही है।अस्पताल का आरओ सिस्टम पिछले कई दिनों से खराब है।जिसके कारण मरीजों और तीमारदारों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।अस्पताल में लगे नल भी सूखे पड़े हैं।पानी की किल्लत का फायदा उठाते हुए अस्पताल के बाहर दुकानदार 20 रुपए में पानी की बोतल बेच रहे हैं।मजबूरन मरीज और तीमारदार पानी खरीदने को मजबूर हैं।भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से मरीजों का हाल बेहाल है।कई मरीज डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। वार्ड नंबर 2 सभासद प्रतिनिधि अत्ताउल्लाह ने बताया खराब पड़े आरो के संबंध में संबंधित ठेकेदार को एक हफ्ते पहले सूचित कर दिया गया है पर सिर्फ ठीक करने का आश्वासन ही मिल रहा है।मरीजों और तीमारदारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।कुछ मरीजों ने बताया अस्पताल परिसर के अंदर साफ सफाई न होने से हर जगह गंदगी का ढेर लगा हुआ है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैंपियरगंज के प्रभारी डॉ विनोद वर्मा ने बताया सफाई कर्मी के लिए लिखित रूप से जिला मुख्यालय को सूचित कर दिया गया है। वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने बताया यह स्थिति निश्चित रूप से चिंताजनक है। स्वास्थ्य सेवाओं में साफ सफाई व पानी की उपलब्धता एक बुनियादी आवश्यकता है।अधिकारियों को इस मामले पर त्वरित ध्यान देना चाहिए और जल्द से जल्द अस्पताल परिसर की साफ सफाई व आरओ सिस्टम को ठीक कराना चाहिए।

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत रिजर्व बैंक के बैंकिंग सुपरविजन डिवीजन से नहीं मिली जानकारी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के कार्यकारी महामंत्री ए के सिंह और कोषाध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने एन ई एंड ई सी रेलवे इम्प्लाइज मल्टी स्टेट प्राइमरी कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड गोरखपुर (बैंक) के खिलाफ आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बैंक रिजर्व बैंक के सुपरविजन के अधीन है लेकिन आरबीआई ने बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और कर्मचारियों की संख्या के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया है।मनोज द्विवेदी ने बैंक के वित्त वर्ष 2020-21 और 2022-23 के लिए रिजर्व बैंक द्वारा किए गए निरीक्षण रिपोर्ट का ब्योरा आरटीआई के तहत मांगा था। रिजर्व बैंक ने जवाब में कहा कि बैंक पर्यवेक्षण के अधीन है और इसलिए सभी वित्तीय जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता है क्योंकि इससे बैंक के वाणिज्यिक हित प्रभावित होंगे।ए के सिंह और द्विवेदी ने रिजर्व बैंक के जवाब पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि रिजर्व बैंक ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन सी वाणिज्यिक जानकारी खुलासा करने से बैंक को नुकसान होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि रिजर्व बैंक ने जानबूझकर 2021-22 और 2022-23 के लिए बैंक के कर्मचारियों की संख्या का खुलासा नहीं किया है।संघ ने बैंक के कर्मचारियों के कल्याणकारी निधि (वेलफेयर फंड) पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि रेलवे कर्मचारियों के हित में खर्च किए जाने वाले इस फंड में भारी रकम जमा है, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा इसका अनियमित रूप से खर्च किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि रेलवे ने 2016 से इस फंड के खर्च के लिए किसी अधिकारी को अध्यक्ष नियुक्त नहीं किया है,फिर भी फंड का खर्च दिखाया जा रहा है।इन सभी आरोपों के मद्देनजर, संघ ने रेलवे प्रशासन से निवारक कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि बैंक के अंशधारकों, जो ज्यादातर रेलवे कर्मचारी हैं के हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

चेयरमैन प्रभाकर दुबे के प्रयास से खूनी पेड़ को वन विभाग से कटवाया

करीब दर्जन भर लोगों का पेड़ में टकराने से हुई थी मौत, कई लोग हुए थे गंभीर रूप से घायल।

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के बखिरा मार्ग पर तिलौरा गांव के पास सड़क के किनारे दो पेड़ थे जो सड़क के मोड़ पर थे।सड़क के चौड़ीकरण के कारण वह सड़क से सटे थे।जिससे आने जानेवाले करीब दर्जन भर लोग पिछले पांच वर्ष में अपनी जान गवा चुके हैं। और कइयों लोग घायल भी हो गए।जिसको अपने अथक प्रयास से नगर पंचायत घघसरा चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने डीएफओ और रेंजर से मिलकर इन दोनो खूनी पेड़ो को कटवाने का पर्मिशन लेकर विभाग से कटवाया।जिससे अब उस खूनी पेड़ से लोग दुर्घटना से बच सकेंगे। उन्होंने कहा कि इन दोनों पेड़ो के बदले दर्जन वृक्ष लगवाने का कार्य भी करूंगा।

बीसी संचालक से लूटपाट करने वाले बदमाश हुए गिरफ्तार

- लघुशंका का बहाना बनाकर बदमाश ने प्रशासन की राइफल खींच किया भगाने का प्रयास
- प्रशासन ने की फायरिंग घायल हुआ बदमाश

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के थरियाव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बीसी संचालक अतुल तिवारी के साथ हुई लूटपाट के दौरान पुलिस प्रशासन ने बारीकी से शिकंजा कसा जहां लूटपाट करने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस एस ओजी समेत कई टीमें बनाई गई थरियाव थाना अध्यक्ष रंजीत बहादुर एवं एस ओजी की टीम के सराहनीय प्रयास से घटना को अंजाम देने वाले बदमाश समी पुत्र कैलाश पासवान निवासी टीकर थाना असोथर विनोद पासवान पुत्र रघुनाथ निवासी अहिमात मजरे जानिबपुर थाना असोथर तथा अनिल पुत्र इंद्रपाल निवासी टीकर थाना असोथर गिरफ्तार हुए जबकि एक बदमाश मोनू निवासी टीकर थाना असोथर प्रशासन की कब्जे के बाहर है गिरफ्तार किए गए बदमाशों को प्रशासन मेडिकल के लिए लिए जा रहा था उसी समय गिरफ्तार बदमाशों में अनिल कुमार ने लघु शंका का बहाना बनाया तथा प्रशासन की राइफल छीन कर हमला कर दिया अचानक हुई मुडभेड़ जिसमें दोनों तरफ से फायरिंग हुई और मुडभेड़ में बदमाश अनिल को प्रशासन ने घायल कर दिया जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया फतेहपुर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने अस्पताल पर भर्ती बदमाश का निरीक्षण करते हुए बताया की तीन बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं जिनके पास घटना के समय एक मोटरसाइकिल तीन मोबाइल एक बैग एक तमंचा मय जिंदा कारतूस तथा 102000 रुपए नगद बरामद हुए अभी फरार बदमाश की खोजबीन जारी है

देवरानी ने जेठानी का दांत से हाथ काटा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के सहरी निवासी सगी देवरानी ने जमीनी विवाद को लेकर अपने जेठानी को दांत से शरीर के कई भाग में कांट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी नेहा पत्नी अनिल यादव निवासी सहरी जो रविवार को शाम 5 बजे बाजार कर घर आई थी। जमीनी विवाद को लेकर देवरानी गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर वह मारने के लिए दौड़ा लिया। और शरीर के कई हिस्से में काट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गिरजा देवी पत्नी सुनील यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर पीटा चार पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा गोरखपुर।गीडा थाना क्षेत्र स्थित के जैतपुर में पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र ज्ञानेंद्र पुत्र चंद्रभान रविवार शाम 4 बजे अपने घर पर बैठे थे। विपक्षी पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर रहे थे।जिसका विरोध किया तो आरोपी लाठी डंडा से पीटकर घायल कर दिए।जिससे सिर में गम्भीर चोट लगने से बेहोश हो गया था। और जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिए।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र,सीमा,विवेक,अंजली,संजना के खिलाफ हत्या के प्रयास,बलवा,मारपीट ,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

अलग अलग मारपीट के मामले में तीन नामजद एक दर्जन अज्ञात पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के तेनुअन निवासी ओम प्रकाश पुत्र राम गणेश को रविवार को दिन में 11.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी और 8 से 10 की संख्या में अज्ञात गाली गलौज कर रहे थे। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी लात मुक्को से मार कर घायल कर दिए। बीच बचाव करने आए रिश्तेदार सुरेंद्र,मंजीत तथा फनी सुधा को भी पीटकर घायल कर दिए। और जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिए।पीड़ित की शिकाऊत पर पुलिस ने रोशन उर्फ अश्वनी तथा 8 से 10 अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ निवासी अमरनाथ निषाद पुत्र राजेंद्र प्रसाद का नौसढ में आराजी संख्या 1177 भूमि है।जिसमे 5 वर्ष पूर्व चहदीवारी चला रखा था।विपक्षी महूई थाना रामगढ़ताल कुछ अज्ञात के साथ आया और चारदीवारी को गिरा दिए जिसका विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे थे।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आकाश,अरविंद,कुछ अज्ञात के खिलाफ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

सीतापुर जिला कारागार में फूलों से धूपबत्ती-अगरबत्ती बनाएंगे बंदी

लखनऊ की टीम ने जेल में दिया प्रशिक्षण, बंदियों की आय में बढ़ोतरी होगी

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला कारागार में सी मैप लखनऊ द्वारा बन्दियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर एवं जिला कारागार सीतापुर द्वारा जनपद सीतापुर के पुरुष एवं महिला बंदियों के कौशल विकास हेतु मंदिरों में देवार्पित पुष्पों से धूपबत्ती एवं अगरबत्ती बनाने के कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कारागार में फीता काटकर किया गया। जिला न्यायाधीश ने बन्दियों को प्रेरित करते हुए कहा कि समय का अधिक से अधिक सदुपयोग करते हुए बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करें। अपर जिला जज भगीरथ वर्मा ने कहा कि जीवन में सकारात्मकता के साथ कौशल विकास करना चाहिए। जिससे जेल से बाहर जाने पर उस कौशल का प्रयोग करते हुए जीवन यापन कर सकें। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को अपने कौशल का विकास करने हेतु भी प्रेरित किया।

अपर जिला जज नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय में बताया। सीमैप लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक आरके श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा मंदिरों में देवार्पित पुष्पों से धूपबत्ती एवं अगरबत्ती बनाये जाने प्रशिक्षण दिया गया तथा लागत एवं लाभ के विषय में भी जानकारी दी। यह कार्यक्रम जिला कारागार में निरूद्ध महिला एवं पुरुष बन्दियों को सूखे फूलों से धूपबत्ती व अगरबत्ती बनाये जाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश के साथ जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, डिप्टी जेलर, व अन्य जिला कारागार का स्टाप मौजूद रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरके श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक, सीमैप लखनऊ द्वारा महिला एवं पुरुष बन्दियों को प्रशिक्षण प्रदान किए। कार्यक्रम में नैमिषारण्य मिश्रिख सीतापुर से श्री मुन्ना लाल आचार्य भी उपस्थित रहे।

दिवस जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार हुआ स्मारक स्थल

कारगिल बलिदानी के 25 वें बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली विकासखंड के ग्राम पंचायत गोहरारी के मजरे झाऊपुर की पावन धरा धाम पर जन्मे वीर सपूत विजय पाल सिंह यादव का 25 वां बलिदान दिवस भावपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ मनाया गया कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक अमर सपूत के अनुज भाई अजय यादव के तत्वावधान में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहसंयोजक सोमेश्वर पटेल समाजवादी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम डॉक्टर राम भक्त वर्मा सत्य प्रकाश शुक्ला समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह आर्य कुमार पांडे समेत सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर अमर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की श्रद्धांजलि समारोह में कारगिल युद्ध के अमर शूरवीर की पत्नी सुषमा यादव बेटी विजेता यादव माता सुखदेई पिता राम सागर आदि सभी पारिवारिक जनों एवं ग्राम वासियों ने आए हुए अतिथियों का भव्य स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया अमर बलिदानी को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए स्थानीय प्रशासन ने सलामी दी वहीं भारत माता की जय अमर शहीद विजयपाल सिंह यादव अमर रहे आदि जयकारों से परिसर गूंज उठा प्रमुख आयोजक अजय यादव ने श्रद्धांजलि समारोह अंतर्गत आए हुए सभी अतिथियों को बैच अलंकरण कर भव्य स्वागत किया

मरुस्थल की तरह सुना पड़ा स्मारक स्थल

25 वर्ष पहले अमर सपूत ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया जिसके स्मारक स्थल की दुर्दशा देखकर आंखें नम हो उठी जानकारी लेने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि यह स्मारक स्थल क्षेत्रीय एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार है जहां 25 वर्षों से बहुजन समाजवादी पार्टी समाजवादी पार्टी तथा भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने अपने सर पर ताज रखने के बाद विकास का चिट्ठा खोला था परंतु वह विकास अभी तक एक सफेद हाथी की तरह दिख रहा है स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्व विधायक आदित्य पांडे मदन गोपाल वर्मा प्रदेश में राज्य कारागार मंत्री रहे वर्तमान बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी केंद्र में मंत्री रही साध्वी निरंजन ज्योति के साथ-साथ वर्तमान विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने भी अनेक योजनाएं ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से जनता को बता कर स्मारक स्थल पर आश्वासन दिया जहां स्मारक स्थल में पेयजल व्यवस्था विद्युत व्यवस्था तथा एक सिंह द्वार का आश्वासन जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया था परंतु आज तक आश्वासन केवल मौखिक ही रह गया स्मारक स्थल पर किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है संपूर्ण स्मारक स्थल मरुस्थल की तरह प्रतीत होता नजर आया जिस पर ग्रामीणों समेत क्षेत्रीय नागरिकों में भी जनप्रतिनिधियों के थोथे बोल बताएं इस मौके पर मुख्य अतिथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के संयोजक सोमेश्वर पटेल राजकुमार वर्मा सुनील अवस्थी विनोद वर्मा विपिन पटेल अनवर यादव अभिषेक उमराव लोकेंद्र सिंह सुरेश यादव विमल कुशवाहा आदि भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर देश के अमर बलिदानी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

सोनभद्र में दुकान में लगी आग

चार झोपड़ियां भी जद में आने से जलकर राख हुई, लाखों का नुकसान

अमन लेखनी समाचार

ओबरा, सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र के सिंदुरिया भरहरी मार्ग पर उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया जब चोपन हॉस्पिटल के सामने झोपड़ी में स्थित दुकान में भयंकर आग लग गई। आग की जद में आने से 4 झोपड़ियां पूरी तरह जलकर राख हो गई। इसमें 2 मिठाई और फास्ट फूड की दुकान और 2 सब्जी की दुकान थी। दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना कैसे घटित हुई इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आ पाई है। पीड़ितों का कहना है लोग कूड़े में आग लगाते हैं। वहीं से आग फैली होगी। आग लगने से सारा सामान जल गया। इससे लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने पर स्थानीय लोगों ने बुझाने का प्रयास किया। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक हवा तेज होने की वजह से चार झोपड़ियों को आग ने जद में ले लिया। दुकानदारों का कहना है कि आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

तिलक समारोह में जा रहे व्यक्ति की बोलेरो के चपेट में आने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के झीलों खमरिया गांव के समीप रविवार को देर रात्रि तिलक समारोह में जा रहा बोलेरो गाड़ी हादसे का शिकार हो गया जिसमें एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई इस बीच गाड़ी में सवार छः अन्य लोग बाल बाल बच गए। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगो ने उक्त व्यक्ति को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर लाया जहां डॉक्टरों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया तथा मेमो के माध्यम से कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दिया। जानकारी होने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंच गई और उसके साथ आए लोगों से इस हादसे के बारे में पूछताछ किया।वही साथ आए लोगों ने मृतक की पहचान भागीरथी उम्र (45) पुत्र रामजतन यादव निवासी कचन के रूप में किया। उधर पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।वही पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया।

तिलक समारोह में जाते समय रास्ता भटक जाने के बाद हुआ हादसा

मृतक के परिजन तथा गाड़ी में मौजूद लोगों ने बताया कि मृतक भागीरथी गांव के ही परिचित रामकेश्वर विश्वकर्मा की लड़की के तिलक समारोह में सामिल होने अपने निजी बोलोरो गाड़ी से पिंडारी गांव जा रहा था। गाड़ी में गांव के ही और 6 लोग बैठे थे। भागीरथी स्वयं ही गाड़ी चला रहा था। गाड़ी जब झीलो खमरिया गांव पहचा तो भागीरथी रास्ता भूल गया और वह चढ़ाई पर गाड़ी रोक नीचे उतर कर मोबाइल से बात करने लगा। इसी दौरान गाड़ी बैक हो गया गाड़ी को पीछे आता देख भागीरथी रोकने का प्रयास करने लगा तभी गाड़ी उसे पर चढ़ गया तेजी से पीछे की ओर जाता देख गाड़ी के अंदर बैठे लोगो में चीख पुकार मच गया वो सभी अपने आप को बचाने के लिए गाड़ी का दरवाजा खोल कूद गए और गाड़ी को किसी तरह रोका। गाड़ी रुकने के बाद लोग भागीरथी के पास दौड़ते हुए पहुंचे। आसपास मौजूद लोगों की मदद से भागीरथी को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उक्त को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में मातम छा गया और सभी दहाड़े मारकर रोने लगे। मौजूद लोग उनके परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दिखे। मृतक भागीरथी के दो बच्चे थे जिसमें एक लड़की एक लड़का था।

पुलिस ने बताया

म्योरपुर सी एच सी द्वारा मोमो के माध्यम से उक्त घटना का पता चला मृतक भागीरथी पुत्र रामजतन कंचन गांव का है गांव के ही विश्वकर्मा परिवार के तिलक समारोह में सामिल होने जा रहा था इसी दौरान यह हादसा हुआ।

दीवार तोड़कर चोरी कर ले गए विद्युत मोटर

अमन लेखनी समाचार

सरीला (हमीरपुर)कस्बा सरीला के बरहारा रोड स्थित निजी नलकूप से चोरों ने नलकूप की कोठी में रखी विद्युत मोटर चुरा लें गए । जगपाल यादव ने बताया की जब मैं रविवार की शाम 5:00 बजे के लगभग अपने निजी नलकूप गया , तो मैंने देखा की कोठी की दीवार तोड़कर कर रखी विद्युत मोटर को चोरी कर ले गए । चौकी प्रभारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर चोरी का खुलासा करने की गुहार लगाई ।

5 लोगो पर शांतिभंग की धाराओं में चालान

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। पुलिस द्वारा 5 लोगो का दर्ज मुकदमे व तहरीर के आधार पर शांतिभंग की धाराओं में चालान किया गया है। रविवार को लहरा गांव में सीवर टैंक के रिसाव को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को जिनमे मुस्ताक मोहम्मद पुत्र ताजमोहम्मद व दूसरे पक्ष के राजा पुत्र नूरहसन व अकरम पुत्र अलीहसन निवासीगण ग्राम लहरा का चालान किया है। वही बेरी गांव के पास अवैध वसूली में ट्रक चालक व खलासी के साथ मारपीट में पुलिस ने नीरज व शिवप्रताप पुत्रगण श्यामसिंह का शांतिभंग की धारा में चालान किया है।

65 वर्षीय वृद्ध का संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मिला शव

अमन लेखनी समाचार

राठ,हमीरपुर। नगर के सिकंदरपुरा मोहल्ले में सोमवार की शाम वृद्ध का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। बदबू आने पर पड़ोसियों को जानकारी हुई। मौके पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी कालका प्रसाद (65) घर पर अकेले रहते थे। उनकी पत्नी नन्ही मुस्करा थाना क्षेत्र के बसरिया गांव स्थित मायके में रहती है। उसका घर पर आना जाना रहता है। मृतक के पुत्र हितेंद्र और मनीष बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। पड़ोसियों ने बताया कि मृतक प्रसाद शराब पीने का आदी था। सोमवार को उसके घर से उठ बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तब घटना की जानकारी हो सकी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एक दिवसीय रोजगार मेला 13 जून को

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर), रायबरेली के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन रोजगार के अंतर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊंचाहार रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 13 जून 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 05 कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई0टी0आई0 योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

जिले में सातों ब्लाकों में पंचायत सहायकों के 28 पद रिक्त

सुमेरपुर ब्लाक की आधा दर्जन पंचायतों में नहीं है सहायक

बड़ागांव का मामला नियुक्ति के बाद हाईकोर्ट में विचाराधीन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिले के सातों विकासखंड क्षेत्र की 330 ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकों के 28 पद रिक्त हैं। जबकि सुमेरपुर ब्लॉक की आधा दर्जन पंचायतो में पंचायत सहायक नहीं है। बड़ागांव का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है जबकि कल्ला एवं चन्द्रपुरवा के पंचायत सहायकों ने इस्तीफा सौंप चुके है।

जनपद के गोहाण्ड ब्लॉक में सर्वाधिक आठ पद रिक्त हैं। जबकि सरीला में एक तथा राठ एवं कुरारा में दो-दो पद रिक्त हैं। गोहाण्ड ब्लॉक की ग्राम पंचायत अमगांव, चंदवारी डांडा, चिकासी, नहदौरा, पतखुरी, रिहुंटा, सैना, उमरिया में पंचायत सहायक नहीं है। कुरारा में झलोखर एवं शेखपुर, मौदहा में भमौरा, खैरी, मसगांव, सायर, टोलामाफ में पंचायत सहायक नहीं है। मुस्करा में ऐंझी, बिवांर, गौरा, मिहुना में पंचायत सहायक के पद रिक्त हैं। राठ ब्लॉक की बरैल एवं गिरवर में पंचायत सहायक नहीं है। सरीला ब्लॉक की मगरौल में पंचायत सहायक नहीं है। सुमेरपुर के बरुआ, बिरखेरा, कलौलीजार, चन्दपुरवा बुजुर्ग, कल्ला, मवईजार में पंचायत सहायक नहीं है। बड़ागांव में नियुक्ति के बाद मामला हाईकोर्ट में लंबित होने से चार्ज नहीं दिया गया है। चन्दपुरवा बुजुर्ग एवं कल्ला में नियुक्ति के बाद इस्तीफा हो जाने से पद रिक्त हो चुके हैं। पद रिक्त होने पर इन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को तमाम मुसीबतो का सामना करना पड़ता है। पंचायत सहायक न होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शासन ने इन रिक्त पदों को भरने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर है। रविवार देर शाम पूर्व सांसद दद्दन मिश्र के आवास पर पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों ने जश्न मना कर जमकर आतिश बाजी की। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। रविवार को जैसे ही पीएम मोदी ने तीसरी बार शपथ लिया वैसे ही लोगो ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र के आवास पर देर शाम समर्थकों की भीड़ लग गई। लोगो ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा कि आज भारत के लिए एतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों से देश का नाम विश्व पटल पर ऊंचा किया है। आने वाले समय में देश और ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत आएगा। कहा की तीसरी बार प्रधानमंत्री ने शपथ ग्रहण कर के पंडित नेहरू की बराबरी कर इतिहास रच दिया है। उनके पीएम बनने से देश का आम जनमानस खुश है। आज पूरी दुनिया भारत की तरफ आशा भरी नजरो से देख रही है। खुशी व्यक्त करने वालो में तुलसीराम मिश्र, सुनील तिवारी, पंकज मिश्र, देवेश मिश्रा , पवन पांडेय, प्रमोद मिश्रा सहित भारी संख्या लोग मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए बलरामपुर से दो अधिकारियों को जम्मू किया रवाना

- जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह स्वयं जम्मू के उच्चाधिकारियों एवं परिजनों से बनाये हुए हैं सम्पर्क, पल-पल की ले रहें हैं अपडेट
- जिलाधिकारी ने दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर व्यक्त किया गहरा दुख, पीडितों की हर संभव मदद के लिए कटिबद्ध है जिला प्रशासन-जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह
- दुर्भाग्यपूर्ण घटना में दो व्यक्तियों की हुई मृत्यु, 12 का चल रहा है उपचार, सभी घायल सुरक्षित-डीएम
- डीएम के निर्देश पर मृतकों के घर पहुंचकर एसडीएम और तहसीलदार ने दी सान्त्वना, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर ,रविवार शाम जम्मू के रियासी जनपद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना मे जनपद बलरामपुर के प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों से सम्पर्क करने एवं उन्हें तत्काल मदद मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन रात से ही सक्रिय है और हर स्तर पर समन्वय बनाते हुए राहत एवं मदद पहुंचाने का काम किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ने रात मे ही अधिकारियों को पीड़ित परिवारों के घर भेजा तथा परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी ने दुर्घटना में पीड़ितों की तत्काल मदद के लिए डीएम गौतमबुद्ध नगर(नोएडा) के जिलाधिकारी से सम्पर्क कर रात में ही एडीएम गौतमबुद्ध नगर एवं एसीपी रैंक के पुलिस अधिकारी को जम्मू रवाना करा दिया है तथा जनपद बलरामपुर से भी दो अधिकारियों तहसीलदार न्यायिक तुलसीपुर ज्ञानेन्द्र सिंह तथा ओम प्रकाश चौहान निरीक्षक पुलिस विभाग बलरामपुर को भी तत्काल जम्मू के लिए रवाना कर दिया है। ये अधिकारी राजकीय मेडिकल कालेज जम्मू, नारायणी हास्पिटल जम्मू एवं जिला हास्पिटल जनपद रियासी में भर्ती घायलों के समुचित उपचार के लिए मौके पर पहुंचकर सहायता प्रदान करेगें तथा क्षण-प्रतिक्षण जिलाधिकारी को अद्यतन स्थिति से अवगत करायेगें।

वहीं घटना के प्रभावितों की मदद के लिए जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित आपदा प्रबंधन कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुए दो नोडल अधिकारियों को नायब तहसीलदार बलरामपुर अनुपम शुक्ला तथा जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह को नामित किया है। जनपद स्तर पर स्थापित *कन्ट्रोल रूम के नम्बर-9170277336* पर कॉल करके उक्त घटना से सम्बन्धित जानकारी या मदद ली जा सकती है। गृह विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार कल शाम हुई दुर्घटना में जनपद बलरामपुर के 14 व्यक्ति प्रभावित हुए हैं जिसमें दो व्यक्तियों रूबी पुत्री स्व0 राम अछैबर वर्मा उम्र 15 वर्ष निवासी ग्राम कान्दभारी तहसील व जिला बलरामपुर तथा अनुराग वर्मा पुत्र रजत राम उम्र 10 वर्ष निवासी नयानगर विशुनपुर बनकटवा तहसील उतरौला की मृत्यु हो गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम और तहसीलदार सदर तथा उतरौला द्वारा व्यक्तिगत रूप से मृतक के घर पहुंचकर सान्त्वना दी गई है तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

12 व्यक्ति घायल हैं जिनका इलाज राजकीय मेडिकल कालेज जम्मू, नारायणी हास्पिटल जम्मू एवं जिला हास्पिटल जनपद रियासी में चल रहा है। सभी घायल सुरक्षित हैं। दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों में 04 व्यक्ति उतरौला तहसील तथा 08 व्यक्ति बलरामपुर सदर तहसील के निवासी हैं।

वहीं पीड़ित परिजनों तथा प्रभावितों को त्वरित सहायता के लिए जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुए नायब तहसीलदार बलरामपुर अनुपम शुक्ला तथा जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह* को नामित किया है।

शादी अनुदान के आवेदक की आय सीमा में बदलाव

पुत्रियों की शादी अनुदान हेतु आधार प्रमाणीकरण/ई-केवाईसी आवश्यक: मोहन त्रिपाठी

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग के शासनादेश द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियो की शादी हेतु अनुदान उपलब्ध कराने के लिए नियमावली/शासनादेश निर्गत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में आधार प्रमाणीकरण/ ई-के.वाई.सी. लागू की गयी हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रक्रिया के अन्तर्गत आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड, पुत्री का आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र बैंक खाते की पासबुक एवं शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक है। आवेदक (माता-पिता/अभिभावक) शादी अनुदान पोर्टल पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा। शादी अनुदान पोर्टल पर आवेदक तथा पुत्री दोनों का आधार आधारित ई-के.वाई.सी. सुनिश्चित किया जायेगा। आधार का अभिप्रमाणन पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर एवं मोबाइल पर प्राप्त ओ0टी0पी0 के माध्यम से लागिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत आवेदकों की आय सीमा में संशोधन किया गया है जिसके अनुसार शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में आवेदनक की आय रू0 1.00 लाख प्रति वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। शादी अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन शादी की तिथि के 90 दिवस पूर्व तथा 90 दिवस पश्चात तक ही स्वीकार्य है। किन्तु इस अवधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होगी। पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक हो। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा। पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला एवं दिव्यांग आवेदको को वरीयता प्रदान की जायेगी। शादी अनुदान की धनराशि नियमानुसार पात्र लाभार्थियों के खातों में रू0 20000.00 ई. पेमेंट के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। योजनान्तर्गत पात्र एवं इच्छुक व्यक्ति उक्त शादी अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नको सहित सम्बन्धित तहसील अथवा विकास खण्ड में जमा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

बैंक में डीबीटी/ एनपीसीआई न होने पर विधवा पेंशन का भुगतान संभव नहीं

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेंट किया जाना है, जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी/एनपीसीआई नहीं होगा उन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा। उन्होंने पेंशन प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों से कहा है कि संबंधित बैंक से अविलम्ब डीबीटी/ एनपीसीआई तत्काल करा लें जिससे ससमय पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सके।

नीट- यूजी परीक्षा की प्रक्रिया परिणाम के गड़बड़ी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर जताया गया रोश

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। नीट- यूजी परीक्षा की प्रक्रिया परिणाम के गड़बड़ी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर जताया रोश वहीं सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा (नीट - यूजी 2024) के अयोजन के दौरान गड़बड़ीयों तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे सवालों के समाधान के लिए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा मे विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन कर सीबीआई जांच की मांग की है संगठन मंत्री अनील ने कहा कि परीक्षा के अयोजन के दिन ही गड़बड़िया सामने आई थीं एनटीए ने परीक्षा के अयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नही की थी वहीं प्रांत जनजातीय कार्य संयोजक मनमोहन निषाद ने कहा नीट परीक्षा से जुड़े अनिमियता सामने आ रही है ऐसा पहली बार हुआ है की 67 छात्रों को 720 में से 720 अंक प्राप्त हुऐ हैं मार्किंग प्रक्रिया को समझाते हुए प्रत्येक सभी उत्तर के लिए 4 अंक मिलते हैं और गलत उत्तर पर एक अंक का नेगेटिव मार्किंग किया जाता है। वहीं रक्षऊ के विभाग प्रमुख सौरभ सिंह पंकज ने कहा किसी छात्र को 716व 719 अंक मिलना समझ से परे हैं, एनटीए द्वारा दिया जा रहा ग्रेसिंग दलील भी अव्यवहारिक हैं वहीं अनुज सिंह ने कहा नीट परीक्षा परिणाम आने के बाद विधार्थियों के आत्म हत्या करने के मामले हुऐ हैं, यह अत्यतं दुखद है। इस मामले में उचित कार्यवाही होनी चाहिए जिससे छात्रों में परीक्षा के अयोजन को लेकर भरोसे की स्थिति बने इस दौरान विद्यार्थी परिषद के प्रमुख कार्यकर्ता शशांक पाण्डेय, राजबली साहनी, अनिकेत राय, जतिन पांडे, अभय सिंह, जय विश्वकर्मा , हिमांशु, शिखर, अनमोल, अंशित, कृष्णा पासवान, नील, श्याम पाठक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कस्बा सहित कैथी सेक्टर में भाजपा को जीत दिलाने के बाद सरकार बनने पर जतायी खुशी

पार्टी में अपना कद बढ़ाने में रहे कामयाब

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के मतदाताओं ने दिल खोलकर कमल को खिलाया यही कारण रहा कि कस्बे में भाजपा सारे कयासों को दरकिनार करके सपा की साइकिल को 1871 मतों से पराजित किया?। यह अलग बात है कि ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं ने कमल को खिलाने की बजाय साइकिल की रफ्तार को बढ़ाया और साइकिल सदर विधानसभा सीट में भाजपा को हराने में कामयाब हो गई। पुनः तीसरी बार सरकार बनने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुये मिष्ठान्न वितरण किया।

कस्बे में कुल 24 बूथ बनाए गए थे। इन 24 बूथो में महज 5 बूथ सपा जीत सकी बाकी 19 बूथों में भाजपा का कमल खिला है। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे के बूथ संख्या 174 में भाजपा प्रत्याशी को 413 तथा सपा प्रत्याशी को महज 132 मत प्राप्त हुए। इस तरह से नगर पंचायत अध्यक्ष अपने बूथ में भाजपा को 281 मतों से जिताने में कामयाब रहे। सपा कस्बे के बूथ संख्या 159, 169, 170, 171, 173 में ही जीत सकी। बाकी शेष 19 बूथो में वह भाजपा प्रत्याशी से आधे से कम मत ही प्राप्त कर सके। और कस्बे में भाजपा प्रत्याशी 7587 मत बटोर कर अव्वल रहे जबकि सपा को महज 5716 मतो से ही संतोष करना पड़ा। इस तरह से भाजपा ने कस्बे में सपा प्रत्याशी से 1871 मतों से बढत प्राप्त की। इसी तरह कैथी सेक्टर के प्रभारी रहे नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने सेक्टर के सभी सात बूथो में भाजपा का कमल खिला दिया। कैथी के सेक्टर के बूथ संख्या 232, 233, 234, 235, 236, 240, 241 में भाजपा प्रत्याशी को 2508 तथा सपा प्रत्याशी को 1120 मत मिले। इन सात बूथो में भाजपा ने 1388 मतों से सपा को पराजित किया। कस्बा सहित कैथी सेक्टर में भाजपा को विजय भी दिलाने में नगर पंचायत अध्यक्ष का कद भाजपा में बढ़ा है जबकि अन्य तमाम नेताओं के बूथो में एवं सेक्टर में भाजपा के हारने पर उन नेताओं को पार्टी में कद घटा है और वह एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ने में जुटे है।

अर्धनिर्मित सोलर वाटर कूलर को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने जल्द पूर्ण करने की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र- नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड नंबर पांच झपरहवा टोला मे अर्ध निर्मित सोलर वाटर कूलर के अस्तित्व पर खतरा में, क्षुब्ध होकर रहवासी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया, जिम्मेदार मौन सोमवार को सुबह लगभग आठ बजे नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड नंबर पांच झपरहवा टोला में लगभग दश माह पूर्व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ने नारियल फोड़कर अगस्त 2023 में सोलर वाटर कूलर उद्घाटन किया था जहां ठेकेदार द्वारा बोरिंग कर कार्य सुरू कर दिया गया और फिर कुछ दिनों बाद रहवासियों को चकमा देते हुए अर्ध निर्मित कार्य छोड़कर ठेकेदार भाग निकला जिसके बाद अधुरे कार्य को लेकर नगर पंचायत द्वारा कोई सुध नहीं लिया। वहीं प्रियंका देवी, मीरा देवी, मनिषा, बासमती, सुनिता, सबिता, देवमती देवी, परम देवी, दुर्गा देवी, सुनिता देवी हिरावती देवी बसंती देवी, ने बताया कि वार्ड नंबर पांच टोला झपरहवा में सबसे ज्यादा गरिब तपके के लोग निवास करते हैं जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण- पोषण करते हैं जिसके सामने पेयजल को लेकर भारी संकट बना हुआ है नगर पंचायत सबसे किनारे पहाड़ी पर बसा यह टोला सरकार की योजनाओं से हमेशा ही बंचित रह जाता हैं टोला में दो हैंडपंप स्थित है जिसकी दुरी एक हैंडपंप से दुसरे की दूरी लगभग आठ सौ मीटर तक है जहां 50 से 55 घरों के रहवासी निवास करते हैं जिनको एक बाल्टी पानी हेतु आठ सौ मीटर जाना पड़ता है या फिर टैंकर आने का इंतजार करना पड़ता है यह चिंतनिय विषय है कि इस तेज गर्मी तंपन जिसका तापमान 42त्से 45त्हो रहा है जहां लोगों को पेयजल की अती आवश्यक है वहीं झपरहवा टोला निवासियों को पेयजल की आपूर्ति हेतु दर दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं वहीं रहवासियों समेत नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि वर्तमान अधिशासी अधिकारी अतिरिक्त प्रभार आए हुए हैं जिसके कारण यहां पर समय नहीं दे पाते हैं जिससे नगर में एक दो को छोड़कर सभी सोलर वाटर कूलर उद्घाटन के उपरांत अधूरा पड़ा हुआ है संबंधित अधिकारी अपने सेंटीग के चक्कर में नगर वासियों के सुविधाओं को बली चढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं जिससे कारण सरकार का छवि धूमिल होता जा रहा है सरकार की योजनाओं से जनता लाभान्वित होने से बंचित हो रहें। गरिब जनता का कोई सुनने वाला नहीं है जिम्मेदार ठेकेदार व अधिकारी अपने में मस्त हैं जनता दर दर भटकने को मजबूर हैं

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

ज्योतिष शास्त्र

ग्रहों के अनुसार घर में लगाएं पेड़, दूर होंगे दोष, लक्ष्मीजी हो जाएंगी प्रसन्न

चिलचिलाती गर्मी, तपती धूप से जल्द ही राहत मिलने वाली है। जून के अंत में कई राज्यों में मानसून आ जाता है। बारिश के मौसम में पेड़ लगाना न सिर्फ पर्यावरण के लिहाज से अच्छा है, बल्कि ये आपके जीवन को भी प्रभावित करता है। शास्त्रों के अनुसार ग्रहों के अनुसार पेड़ लगाने पर कुंडली में उस ग्रह की अशुभता दूर होती है। साथ ही किसी काम में बाधा भी नहीं आती। ग्रह दोष शांत होते हैं। ज्योतिष शास्त्र में हर ग्रह, राशि व नक्षत्र के वृक्ष हैं। इन्हें लगाने से फायदा होता है। जानें ग्रह और नक्षत्र के अनुसार कौन सा पेड़ लगाना शुभफलदायी होगा।

यह पौधे सभी राशियों के लिए शुभ : नागचंपा, अशोक, जूही, अर्जुन, नारियल आदि के पौधे या पेड़ लगाना सभी राशियों के लिए शुभ माना जाता है।

ग्रहों के अनुसार पेड़ - पौधे

सूर्य : मदार का पेड़।

चंद्र : पलाश या पोस्त का पेड़।

मंगल : नीम, ढाक या खैर का पेड़।

बुध : अपामार्ग का पेड़, केला या चौड़े पत्ते के पौधे।

गुरु : पारस पीपल, पीपल या केले का पेड़।

शुक्र : मूलर का पेड़, कपास का पौधा और बेलदार पौधे जैसे मनी प्लांट।

शनि : शमी का पेड़, कीकर, आक, खजूर भी है।

राहु : दूर्वा घास, नारियल का पेड़ या चंदन का पेड़।

केतु : कुशा का पेड़, इमली का पेड़, तिल के पौधे और केले के पेड़।

नक्षत्र अनुसार लगाएं पौधे : अश्विनी के लिए कोचिला, भरणी के लिए आंवला, कृतिका के लिए गूलहड़, रोहिणी के लिए जामुन, मृगशिरा के लिए खैर, आर्द्रा के लिए शीशम, पुनर्वसु के लिए बांस पुष्य के लिए पीपल, अश्लेषा के लिए नागकेसर, मधा के लिए बट, पूर्वा के लिए पलाश, उत्तरा के लिए पाकड़, हस्त के लिए रीठा, चित्रा के लिए बेल स्वाती के लिए अर्जुन, विशाखा के लिए कटैया, अनुराधा के लिए भालसरी, ज्येष्ठा के लिए चीर, मूल के लिए शाल, पूर्वाषाढ़ के लिए अशोक, उत्तराषाढ़ के लिए कटहल, श्रवण के लिए अकौन, धनिष्ठा के लिए शमी, शतभिषा के लिए कदम्ब, पूर्वाभाद्रपद के लिए आम, उत्तराभाद्रपद के लिए नीम, रेवती नक्षत्र के लिए महुआ पेड़

15 जून को सूर्यदेव मिथुन राशि में करेंगे प्रवेश, इन राशि वालों की चमकेगी किस्मत

ग्रहों के अधिपति भगवान सूर्य 15 जून की सुबह 4 बजकर 27 मिनट पर वृषभ राशि की यात्रा समाप्त करके मिथुन राशि में प्रवेश कर रहे हैं, जहां ये 16 जुलाई की दोपहर 11 बजकर 19 मिनट तक गोचर करेंगे उसके बाद कर्क राशि में चले जाएंगे। मिथुन राशि पर इनका गोचरकाल का अन्य राशियों पर कैसा प्रभावकारी रहेगा?

मेष राशि: राशि से तृतीय पराक्रम भाव में गोचर करते हुए सूर्यदेव का प्रभाव आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कार्य व्यापार में उन्नति तो होगी ही सामाजिक पद प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। आध्यात्मिक मामलों में भी रुचि और बढ़ेगी। सरकारी सर्विस के लिए प्रयास करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से ग्रह-गोचर बेहद अनुकूल रहेगा। परिवार के वरिष्ठ सदस्योंसे मतभेद बढ़ने न दें। यात्रा देशाटन का लाभ मिलेगा। विदेशी कंपनियों में सर्विस अथवा नागरिकता के लिए किया गया प्रयास भी सफल रहेगा।

वृषभ राशि : राशि से द्वितीय धन भाव में गोचर करते हुए सूर्यदेव का प्रभाव कई तरह के अप्रत्याशित परिणाम दिलाएगा। यद्यपि आर्थिक पक्ष मजबूत होगा किंतु किसी न किसी कारण से पारिवारिक कलह और मानसिक अशांति का सामना करना ही पड़ेगा। स्वास्थ्य के प्रति चिंतनशीलन रहें। महंगी वस्तुओं का क्रय करेंगे। कार्यक्षेत्र में षड्यंत्र का शिकार होने से बचें। कई बार अधिक बोलना आपके लिए नुकसानदेय सिद्ध हो सकता है, इसलिए अपनी योजनाओं को गोपनीय रखते हुए कार्य करेंगे तो अधिक सफल रहेंगे।

मिथुन राशि : आपकी राशि में गोचर करते हुए सूर्यदेव का प्रभाव शारीरिक पीड़ा दे सकता है, किंतु आप में साहस और पराक्रम की वृद्धि भी करेगा। निर्णय लेने की शक्ति बढ़ेगी। शासनसत्ता का पूर्ण सहयोग मिलेगा। केंद्र अथवा राज्य सरकार के विभागों में सर्विस आज के लिए आवेदन करना हो तो उस दृष्टि से भी ग्रह गोचर बेहद अनुकूल रहेगा। विद्यार्थियों और प्रतियोगिता में बैठने वाले छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए और प्रयास करने होंगे। वैवाहिक वार्ता सफल होने में थोड़ा और समय लगेगा।

कर्क राशि : राशि से बारहवें व्यय भाव में गोचर करते हुए सूर्यदेव अत्यधिक भागदौड़ का सामना तो करवाएंगे ही कहीं न कहीं आप थकान का भी अनुभव करेंगे। किसी मित्र से बिछड़ने का अप्रिय समाचार भी मिल सकता है। न्यायिक मामलों में सफलता मिलेगी। नए लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा।

पोषक तत्वों का है खजाना, शुगर पर भी लगाता है लगाम

वजन और कोलेस्ट्रॉल कम करने में अमृत समान है 'कोदो'

कोदो का नाम हममें से अधिकांश लोगों ने सुना ही होगा, लेकिन इसके गुणों के बारे में कम ही लोगों को पता होगा। कोदो पोषक तत्वों का पावरहाउस है। कोदो में प्रोटीन, विटामिन, मिनिरल्स से लेकर एंटीऑक्सीडेंट्स का खजाना छिपा हुआ है। वैसे तो जितने भी मोटे अनाज होते हैं, उनमें अद्भुत गुण पाए जाते हैं, लेकिन कोदो का जवाब नहीं। कोदो में गेहूं, धान की तुलना में कई गुना अधिक प्रोटीन और फाइबर होता है। संयुक्त राष्ट्र ने कोदो को प्रमुख मिलेट्स में शामिल किया है। कोदो में गुड फैट होता है जो कोलेस्ट्रॉल समेत कई खतरनाक लेवल को कम करता है। कोदो का नियमित सेवन से कई बीमारियों को शरीर से भगाया जा सकता है। कोलेस्ट्रॉल से लेकर ब्लड शुगर तक को कम करने में यह अमृत समान है।

1. डायबिटीज मरीजों के लिए फायदेमंद- एनसीबीआई रिसर्च पेपर के मुताबिक कोदो का सेवन शुगर पर लगाम लगा सकता है। इसमें कई तरह के फायटोकेमिकल्स और पोलीफेनॉल होते हैं। साथ ही इसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है। इस कारण यह खून में शुगर को तेजी से बढने नहीं देता. साथ ही ज्यादा फाइबर होने के कारण यह भूख को कंट्रोल करता है। इसलिए जिन लोगों को मोटापा पर कंट्रोल करना है, उनके लिए भी कोदो बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है।
2. हार्ट डिजीज का खतरा कम-कोदो में पोलीसैचुरेटेड फैट पाया जाता है जो हार्ट के मसल्स को रिलेक्स पहुंचाने में मदद करता है। इसके साथ ही इससे ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है। इस कारण यह हार्ट डिजीज के जोखिम को कम कर सकता है।
3. हड्डियों को मजबूत बनाता-कोदो में 18 प्रतिशत कैल्शियम होता है। इसके अलावा इसमें जिंक, मैग्नीज और मैग्नीशियम भी मौजूद होता है। इस कारण कोदो का नियमित सेवन कर हड्डियों को मजबूत बनाया जा सकता है।
4. किडनी के लिए पा य दे मं द - को दो मिलेट में हाई फाइबर और पोटैशियम होता है जो किडनी से संबंधित दिक्कतों से राहत दिला सकता है। कोदो से शरीर में बढ़ा हुआ यूरिक एसिड कम हो सकता है। इसलिए यह किडनी में पत्थर की समस्याओं से भी दूर रख सकता है।
5. पाचन तंत्र श क्ति शा ली - स भी तरह के मोटे अनाज से पाचन तंत्र को शक्तिशाली बनाया जा सकता है। कोदो में मौजूद फाइबर और फायटोकेमिकल आंत की लाइनिंग को स्मूथ करता है जिससे बाओल मूवमेंट बेहतर होता है। इसलिए यह पाचन शक्ति को बहुत मजबूत बना देता है।

महिलाओं को इन 5 बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा!

महिलाओं के लिए हेल्दी रहना पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा चैलेंजिंग होता है। महिलाओं को हेल्थ से संबंधित परेशानियां ज्यादा होती हैं और इनसे बचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। महिलाओं को इन बीमारियों से बचने के लिए अच्छी लाइफस्टाइल अपनानी चाहिए और समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराना चाहिए। आज आपको बता रहे हैं कि महिलाओं को कौन सी 5 बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा होता है और इनसे किस तरह बचा जा सकता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं को हार्ट डिजीज का खतरा सबसे ज्यादा होता है। यूएस सीडीसी के आंकड़ों के अनुसार साल 2019 में अमेरिका में करीब 20 प्रतिशत मौतें हार्ट डिजीज की वजह से हुई थीं। महिलाओं को 40 से 60 की उम्र के बीच हार्ट डिजीज का खतरा होता है और उन्हें इसका पता भी नहीं चलता है। एक्सपर्ट्स की मानें तो अच्छी लाइफस्टाइल और बेहतर खान-पान से हार्ट डिजीज का खतरा 82% कम हो सकता है।

ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं को होने वाला सबसे कॉमन कैंसर होता है। हर साल लाखों की संख्या में महिलाएं इस जा न ले वा बीमारी की वजह से अपनी जान गंवा देती हैं। फै मि ली हिस्ट्री से लेकर तमाम फैक्टर ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। इससे बचने के लिए महिलाओं को अच्छी लाइफस्टाइल और हेल्दी डाइट के अलावा समय-समय पर कैंसर की स्क्रीनिंग करानी चाहिए. वक्त रहते कैंसर का पता लग जाए, तो इसे ठीक भी किया जा सकता है।

महिलाओं को ओवेरियन और सर्वाइकल कैंसर का खतरा भी ज्यादा होता है। सर्विकल कैंसर बच्चेदानी के मुंह का कैंसर होता है, जबकि ओवेरियन कैंसर अंडाशय का कैंसर होता है। सर्वाइकल कैंसर का खतरा एचपीवी वैक्सीन के जरिए 90 फीसदी तक कम किया जा सकता है। अगर बच्चियों को 9 साल के बाद इस वैक्सीन को लगा दिया जाए, तो सर्वाइकल कैंसर को रोका जा सकता है। ओवेरियन कैंसर से बचने के लिए समय-समय पर स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है।

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो महिलाओं को एंजायटी और डिप्रेशन का खतरा करीब 3 गुना ज्यादा होता है। एंजायटी और डिप्रेशन का असर मेंटल हेल्थ पर ही नहीं, बल्कि फिजिकल हेल्थ पर भी बुरी तरह होता है। इससे बचने के लिए महिलाओं को स्ट्रेस को मैनेज करना चाहिए और खुश रहने की कोशिश करनी चाहिए. साइकेट्रिस्ट की मदद से आप एंजायटी और डिप्रेशन से छुटकारा पा सकते हैं।

अमेरिकन सोसाइटी फॉर रिप्रोडक्टिव मेडिसिन के अनुसार, इनफर्टिलिटी की समस्या महिलाओं को ज्यादा परेशान करती है। जानकारों की मानें तो 30-35 साल के बाद महिलाओं की फर्टिलिटी में गिरावट आने लगती है और कई बार यह प्रेग्नेंसी में बाधा बनने लगती है। इसके अलावा भी महिलाओं को कई तरह की रिप्रोडक्टिव समस्याओं का खतरा ज्यादा होता है। इससे बचने के लिए समय-समय पर डॉक्टर से मिलकर चेकअप कराना चाहिए।

सुबह-सुबह दांत ब्रश करने चाहिए या रात को? अधिकतर लोग कर रहे गलती

ओरल हेल्थ बेहतर बनाए रखने के लिए दांतों की सफाई बहुत जरूरी होती है। दांतों की सही तरीके से सफाई न की जाए तो इनमें प्लाक और बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं, जिससे कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंटिस्ट लोगों को दिन में दो बार सुबह और शाम अच्छी तरह दांतों को ब्रश करने की सलाह देते हैं। हालांकि, बड़ी संख्या में लोग दिन में एक ही बार ब्रश करते हैं। लोगों को लगता है कि सुबह-सुबह ब्रश करने से दांतों को साफ और हेल्दी रखा जा सकता है, लेकिन एक्सपर्ट की राय इस मामले पर अलग है।

नई दिल्ली के पीतमपुरा स्थित गुलाटी डेंटल क्लीनिक के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव गुलाटी ने बताया कि दांतों को साफ रखने के लिए रोजाना दो बार ब्रश करना बेहद जरूरी होता है। लोगों को सुबह उठने के बाद और रात को सोने से पहले ब्रश करना चाहिए। रात के वक्त ब्रश करने की सलाह इसलिए दी जाती है, क्योंकि रात के वक्त मुंह कई घंटों तक बंद रहता है, जिसकी वजह से दांतों में प्लाक और बैक्टीरिया जमा होने लगते हैं। ऐसी कंडीशन में दांतों और मसूड़ों में इंफेक्शन समेत कई तरह की परेशानियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सुबह-शाम ब्रश जरूर करना चाहिए।

होने लगती ओरल हेल्थ से संबंधित बीमारियां

डॉक्टर वैभव गुलाटी का कहना है कि अगर आप दिन में सिर्फ एक बार ब्रश कर पा रहे हैं, तो आप रात के वक्त ब्रश करना चाहिए। दरअसल, रात में लंबे वक्त तक खाना और अन्य चीजें हमारे दांतों के अंदर रहती है, जिससे बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं। इससे ओरल हेल्थ से संबंधित बीमारियां होने लगती हैं। इससे बचने के लिए लोगों को रात के वक्त ब्रश जरूर करना चाहिए। आमतौर पर दिन में लोग पानी पीते हैं और कुल्ला करते हैं, जिससे दांतों की सफाई होती रहती है। जबकि रात के वक्त मुंह बंद रहता है और बैक्टीरिया का अटैक ज्यादा होता है। एक्सपर्ट की मानें तो दांतों और मसूड़ों को हेल्दी रखने के लिए रोजाना दो बार ब्रश करना चाहिए। टूथब्रश अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए और टूथपेस्ट भी अच्छा होना चाहिए। इसके अलावा लोगों को जंक फूड्स, सोडा, कोल्ड ड्रिंक्स, चाय-कॉफी का सेवन कम से कम करना चाहिए। इन चीजों से हमारे दांतों की रंगत खराब हो सकती है और ओरल हेल्थ खराब हो सकती है। लोगों को समय-समय पर डेंटिस्ट से मिलकर जांच करानी चाहिए।

बेहद पावरफुल है शंखपुष्पी फूल हार्ट के लिए भी है दमदार

ब्रेन टॉनिक के साथ-साथ कई बीमारियों के जोखिम को कर सकता है कम

शंखपुष्पी का नाम सुनते ही लोगों के दिमाग में ब्रेन टॉनिक आ जाता है। निःसंदेह शंखपुष्पी ब्रेन के लिए बहुत फायदेमंद है, लेकिन इसके अन्य भी कई तरह के फायदे हैं। विज्ञान के हिसाब से भी मानें तो शंखपुष्पी ऑवरहेल्थ के लिए बेहतरीन चीज है। शंखपुष्पी को मॉर्निंग ग्लोरी कहा जाता है। आयुर्वेद में शंखपुष्पी का कई तरह की बीमारियों में इस्तेमाल किया जाता है। शंखपुष्पी हार्ट के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके अलावा यह मूड को सही रख सकता है। वहीं अल्सर, मिर्गी, उल्टी, बुखार, डायबिटीज, अनिद्रा, एनोरेक्सिया, सन स्ट्रोक, ब्लीडिंग, डाइजेशन, इंफेक्शन आदि में भी शंखपुष्पी बहुत फायदेमंद है।

शंखपुष्पी के अद्भुत फायदे

हार्ट के लिए फायदेमंद- एक रिपोर्ट के मुताबिक शंखपुष्पी में एथेनोलिक एसिड हार्ट को बहुत फायदा पहुंचाता है। यह शरीर में फैटी एसिड को कम करता है, जिसके कारण ब्लड वैसल्स को रिलेक्स फील होता है और खून की नलियों में बैड कोलेस्ट्रॉल के जमा होने का जोखिम कम हो जाता है। अध्ययन के मुताबिक शंखपुष्पी से प्राप्त कंपाउड हार्ट अटैक, स्ट्रोक, हार्ट ब्लॉक, आर्टरीज में ब्लड क्लॉट के जोखिम को कम कर सकता है।

दिमाग का टॉनिक- अधिकांश लोग शंखपुष्पी को ब्रेन टॉनिक मानते हैं। यह बात विज्ञान के हिसाब से भी सच है। रिसर्च के मुताबिक शंखपुष्पी में एंटीऑक्सीडेंट्स और फ्लेवेनोएड्स कंपाउड होते हैं जो सेंट्रल नर्वस सिस्टम को सक्रिय करते हैं। सेंट्रल नर्वस सिस्टम से याददाश्त का मैकेनिज्म कंट्रोल होता है। यही कारण है शंखपुष्पी का इस्तेमाल दिमागी क्षमता बढ़ाने में किया जाता है। शंखपुष्पी का सेवन करने से मानसिक थकान को भी दूर हो सकता है।

बेचैनी और अवसाद कम- चिंता, बेचैनी, अवसाद जैसी समस्याओं को शंखपुष्पी कम कर सकता है। स्टडी के मुताबिक शंखपुष्पी में एंटी-स्ट्रेस, एंटी-डिप्रेसिव, एंटी-एंग्जाइटी गुण होता है। यानी तनाव के कारण होने वाली परेशानियों को शंखपुष्पी कम कर सकती है। शंखपुष्पी में दिमाग में केमिकल न्यूरोट्रांसमीटर को संतुलित करता है जिससे शरीर में डोपामाइन हार्मोन बढ़ता है और इससे सेरोटोनिन और कॉर्टिसोल हार्मोन कम हो जाता है। इन सबसे मूड बेहतर रहता है।

कार्नर न्यूज

समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए फायदे कम और नुकसान है ज्यादा

इन लोगों को भूलकर भी नहीं पीनी चाहिए कॉफी नहीं तो सेहत के लिए बन जाएगी मुसीबत

कॉफी पीने के साथ भले ही सुबह की सुस्ती दूर भाग जाती हो, लेकिन दो कप से ज्यादा पिया जाए तो ये कई सारी सेहत की समस्याओं को बढ़ा देता है। गैस, एसिडिटी के साथ ही कॉफी पीने से ग्लूकोमा और यूरिन में भी समस्या पैदा होने लगती है। मॉर्निंग ड्रिंक में अक्सर लोग कॉफी पीना पसंद करते हैं। एनर्जी बूस्ट करने के साथ ही ये नींद भगाने में भी मदद करती है। अक्सर लोग सुस्ती भगाने के लिए कॉफी पीते हैं। कॉफी के कई सारे फायदे भी बताए गए हैं। अगर ब्लैक कॉफी पी जाए तो ये हार्ट फेलियर के रिस्क को कम करती है और प्रोस्टेट कैंसर के रिस्क को भी घटाती है। लेकिन, कॉफी के फायदे कम और नुकसान ज्यादा है। खासतौर उन लोगों को जो इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्हें कॉफी भूलकर भी नहीं पीनी चाहिए।

इरिटेबल बाउल सिंड्रोम

कैफीन की वजह से बाउल रेगुलेरिटी बढ़ जाती है। कॉफी पीने से डायरिया होने के चांस रहते हैं। जो कि इरिटेबल बाउल सिंड्रोम का एक लक्षण है। जिन लोगों को बार-बार डायरिया होता है या लूज मोशन की समस्या रहती है। इरिटेबल बाउल सिंड्रोम है तो उन्हें ज्यादातर कॉफी को अवॉएड करना चाहिए।

ओवर एक्टिव ब्लैडर

जिन लोगों को बार-बार यूरिन होने की शिकायत है, उन्हें कॉफी पीने से परहेज करना चाहिए। हार्ट डिसीज के लोगों को कॉफी पीने से बचना चाहिए। कॉफी पीने से हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर दोनों ही बढ़ जाता है। ऐसे में हाई बीपी वालों और हार्ट के मरीजों को कॉफी पीने से पूरी तरह से बचना चाहिए।

प्रेग्नेंट वूमन : द अमेरिकन कॉलेज ऑफ ऑब्स्टैट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी के मुताबिक प्रेग्नेंट वुमन को करीब 200 मिलीग्राम से ज्यादा कॉफी नहीं पीनी चाहिए। 200 मिलीग्राम लगभग दो कप। ज्यादा कॉफी मिसकैरेज, प्रीमेच्योर लेबर और लो बर्थ वेट को बढ़ा देती है। हालांकि, प्रेग्नेंट वुमन के लिए कॉफी बिल्कुल भी सेफ नहीं होती।

ग्लूकोमा के मरीज

रिसर्च के मुताबिक कैफीन की वजह से ग्लूकोमा का रिस्क बढ़ जाता है। कॉफी पीने की वजह से इंट्राऑक्यूलर प्रेशर उन लोगों में बढ़ जाता है जो ग्लूकोमा के मरीज हैं।

स्लीप डिसऑर्डर

जिन लोगों को नींद ना आने की समस्या है। उन्हें कॉफी से पूरी तरह से दूर रहना चाहिए। कॉफी की वजह से खराब नींद और सुस्ती की समस्या होती है। स्लीप फाउंडेशन के मुताबिक करीब बेड टाइम के 6 घंटे पहले कॉफी को अवॉइड करना चाहिए।

पैनिक अटैक्स और एंजायटी के मरीज हों

कॉफी पीने से एंजायटी की समस्या बढ़ जाती है। अगर आप एंजायटी और उसकी वजह से पैनिक अटैक्स की समस्या से जूझ रहे हैं तो भूलकर भी कॉफी ना पिएं।

गैस और एसिडिटी की समस्या हो

जिन लोगों को गैस्ट्रोइसोफेगल रिफ्लक्स की समस्या है। उन्हें कॉफी के कप से दूर रहना चाहिए। कैफीन इसोफेगस और स्टमक के बीच के वॉल्व को ढीला कर देती है। जिसकी वजह से पेट में बनने वाला एसिड इसोफेगस में पहुंच जाता है और गैस्ट्रो इसोफेगल रिफ्लक्स की समस्या को बढ़ा देता है।